Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 257 | गुरूवार, 18 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### सबसे ज्यादा जौनपुर में गई तीन लोगों की जान

## यूपी में बारिश और बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

**लखनऊ।**

यूपी में मौसम ने 10 लोगों की जान ले ली। ये मौतें बारिश और बिजली गिरने से हुई हैं। सुल्तानपुर व अमेठी में दीवार गिरने से दो की मौत हुई है। उत्तर प्रदेश में मंगलवार रात और बुधवार को दिन में बारिश और बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 13 लोग झुलस गए। सबसे ज्यादा जौनपुर में तीन लोगों की मौत हुई है। सोनभद्र में म्योरपुर थाना क्षेत्र के काचन गांव में मंगलवार रात एक घर पर बिजली गिरने से अंशिका (13) की मौत हो गई। इसी तरह मिजार्पुर में हलिया के सुखरा बांध के पास बुधवार दोपहर जंगल से लकड़ी लेकर घर आ रही उर्मिला (45) की बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं, अहुगी कला गांव में बिजली गिरने से पांच लोग झुलस गए। इसी तरह जौनपुर जिले के सुल्तानपुर गौर गांव में किशन (15), अतुल (13) की बिजली गिरने से मौत हो गई। दोनों बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे। वहीं नोनारी भुड़कुड़हा गांव में धान के खेत में खाद डालते समय बिजली गिरने से किसान बहादुर गौतम (50) की मौत हो गई।



## कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन का हुआ समापन




**नई दिल्ली।**

कोलकाता में आयोजित सशस्त्र बलों का तीन दिवसीय 16वां संयुक्त कमांडर सम्मेलन बुधवार को संपन्न हो गया। यहां सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) में आयोजित इस सम्मेलन में सशस्त्र बलों के भविष्य का रोडमैप तैयार किया गया और तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता को बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा क्षमताओं के विकास को दिशा देने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं को संरेखित करने पर मंथन हुआ। सम्मेलन के समापन पर कोलकाता में एक रक्षा प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। यह द्विवार्षिक सम्मेलन सशस्त्र बलों का सर्वोच्च विचार मंच है, जिसमें रक्षा मंत्रालय एवं तीनों सेनाओं के शीर्ष निर्णयकर्ता एक साथ बैठकर रणनीतिक एवं वैचारिक विमर्श करते हैं। 15 से 17 सितंबर तक आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से तीनों सेनाओं- आर्मी, नौसेना व वायुसेना के शीर्ष कमांडरों ने हिस्सा लिया और तीन दिनों तक सुरक्षा संबंधी मुद्दों, चुनौतियों व भविष्य की रणनीति आदि विषयों पर गहन मंथन किया। इस बार का विषय था- सुधारों का वर्ष- भविष्य के लिए परिवर्तन, जो बताता है कि तीनों सेना खुद को बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुसार तैयार कर रही है।

## हरियाणा सरकार को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने रद किया साझा भूमि पर फैसला



**नई दिल्ली।**

हरियाणा सरकार को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल, 2022 के अपने उस फैसले को रद कर दिया है जिसमें गांव की साझा भूमि को ग्राम पंचायतों को वापस करने का निर्देश दिया गया था।

कोर्ट ने 7 अप्रैल, 2022 को यह भी कहा था कि पंजाब के एक कानून के तहत मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से अधिक ली गई भूमि के संबंध में केवल प्रबंधन और नियंत्रण ही पंचायत के पास होगा, न कि स्वामित्व। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि प्रबंधन और नियंत्रण में भूमि को पट्टे पर देना और गैर-स्वामियों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों आदि द्वारा भूमि का उपयोग शामिल है, जो ग्राम समुदाय के लाभ के लिए है।

## अमित शाह पहुंचे पटना, बैठक का एजेंडा तय

**पटना।**



**चुनाव के सीट बंटवारे और प्रत्याशी पर करेंगे बात?**

गृह मंत्री अमित शाह भारतीय जनता पार्टी में संगठन के सबसे अहम किरदार हैं। वह आज पटना पहुंचे हैं। जाहिर तौर पर एनडीए में सीट बंटवारे और प्रत्याशी चयन को लेकर चर्चा है। हकीकत क्या है? भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और इस समय भी संगठन के सबसे बड़े रणनीतिकार अमित शाह बिहार पहुंचे हैं। देश के गृह मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि भाजपा के रणनीतिकार के रूप में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले उनका यह पहला दौरा है। चर्चा यह हो रही है कि वह आए हैं तो सीट बंटवारे पर भी बात करेंगे और पार्टी के प्रत्याशियों को भी उम्मीद देकर जाएंगे।

लेकिन, हकीकत यह नहीं है। वह इस महीने आज के बाद एक बार फिर बिहार आएंगे। आज वह पटना आये हैं और कल यानी गुरूवार को आधे बिहार को टारगेट करेंगे और 10 दिन बाद फिर दूसरे आधे हिस्से को। 20 संगठन जिलों के भाजपा नेताओं से वह कल बात करेंगे। फिर बाकी जिलों से 27 सितंबर को। गृह मंत्री अमित शाह बुधवार की देर शाम पटना पहुंचे। अब रात में वह पार्टी के चुनिंदा नेताओं से गठबंधन के बाकी दलों को लेकर गुफ्तगू करेंगे। गुफ्तगू इसलिए भी क्योंकि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने 20 सीटें नहीं मिलने पर 100 सीटों पर लड़ने की बात कह रखी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बाकी दल अब शांत हैं। चिराग पासवान ने सीएम नीतीश कुमार के नाम पर कोई असहमति नहीं छोड़ी है और उपेंद्र कुशवाहा सीटें मिलने की प्रतीक्षा में शांत हैं। मांझी का गणित वह भाजपा नेताओं से जरूर समझेंगे, लेकिन सीट बंटवारे को लेकर पटना में भाजपा नेताओं से कुछ औपचारिक बात नहीं करेंगे।

इस बार की यात्रा में वह प्रत्याशियों को लेकर भी बात नहीं करने जा रहे हैं, हालांकि वह मौजूदा विधायकों के परफॉर्मेंस और उनके प्रति अच्छी-बुरी रिपोर्ट को जरूर समझेंगे।

## हुर्रियत नेता अब्दुल गनी भट का 89 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।**



प्रमुख शिक्षाविद, राजनीतिक नेता और ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल गनी भट का बुधवार शाम उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर के बोइटेंगो स्थित उनके आवास पर बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। प्रोफेसर भट का जन्म 1935 में सोपोर के पास बोइटेंगो गांव में हुआ था। वे एक प्रखर विद्वान थे जिन्होंने श्रीनगर के श्री प्रताप (एसपी) कॉलेज से फारसी, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

वह 89 वर्ष के थे। प्रोफेसर भट का जन्म 1935 में सोपोर के पास बोइटेंगो गांव में हुआ था। वे एक प्रखर विद्वान थे जिन्होंने श्रीनगर के श्री प्रताप (एसपी) कॉलेज से फारसी, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

### जन्मदिन पर मिली बधाइयों से पीएम मोदी अभिभूत

## कहा- विकसित भारत के लिए अधिक ऊर्जा के साथ काम करूंगा

**नई दिल्ली।**



75वें जन्मदिन पर पीएम मोदी को कई देशों के नेताओं समेत जनता ने शुभकामनाएं दीं और उनके लंबे और सुखमय जीवन की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने जन्मदिन पर मिले बधाई संदेशों से अभिभूत हुए। उन्होंने इसके लिए जनता का आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई संदेश मिले। कई देशों के नेताओं समेत जनता ने भी उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके लंबे और सुखमय जीवन की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने जन्मदिन पर मिले बधाई संदेशों से अभिभूत हुए। उन्होंने इसके लिए जनता का आभार जताया। साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिक ऊर्जा के साथ काम करने का संकल्प दोहराया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि जनशक्ति का आभार। देश-विदेश से मुझे मिली अनगिनत शुभकामनाओं, आशीवार्दों और स्नेह संदेशों से मैं सचमुच अभिभूत हूं। यह स्नेह मुझे शक्ति और प्रेरणा देता है। इसके लिए मैं जनता का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने लिखा कि आपने जो अनगिनत शुभकामनाएं और मुझ पर जो विश्वास जताया है, वह मेरे लिए अपार शक्ति का स्त्रोत है। मैं इन्हें सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बल्कि एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए हम सब मिलकर जो काम कर रहे हैं, उसके लिए भी एक आशीर्वाद मानता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं संकल्प लेता हूं कि विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए और भी अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ काम करता रहूंगा। मैं व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाओं का उत्तर नहीं दे पाया हूं, लेकिन मैं फिर कहूंगा। इस स्नेह ने मेरे दिल को गहराई से छू लिया है।

> मैं सभी के उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में लोग विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य कर रहे हैं, जिनमें से कई आने वाले दिनों में भी जारी रहेंगे। हमारे लोगों में निहित यही अच्छाई हमारे समाज को जीवित रखती है और हमें आशा और सकारात्मकता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने का साहस देती है। मैं उन सभी का अभिनंदन करता हूं जो ऐसे प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने फोन किया।

## नागपुर में ट्रेन की छत पर चढ़ा शख्स, हाईटेंशन तार छूने से लगा करंट, मौत

**नागपुर।** नागपुर में ट्रेन की छत पर खड़े व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह वीडियो ताजा है या पुराना। वहीं, कई मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वीडियो शुक्रवार को बताया जा रहा है। एक वीडियो में दिख रहा है कि शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे नागपुर स्टेशन पर एक आदमी ट्रेन की छत पर बेपरवाही से खड़ा है।

## नौसेना में शामिल हुआ पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट

**कोलकाता।**

टिटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने नौसेना को स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित पहली डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (डीएससी ए-20) सौंप दी है। कंपनी के एक अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, डीएससी ए-20 को तटीय क्षेत्रों में गोताखोरी (डाइविंग) अभियानों को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया है और इसमें अत्याधुनिक डाइविंग उपकरण लगाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में टीआरएसएल को पांच डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट बनाने का अनुबंध दिया था। उसी अनुबंध के तहत यह पहला क्राफ्ट मंगलवार को नौसेना में शामिल हुआ। इसका डिजाइन नौसेना की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है ताकि यह विविध प्रकार की गोताखोरी गतिविधियों और तटीय परिचालनों में प्रभावी साबित हो सके।




## धर्मनगरी में फिर छाया सन्नाटा, बारिश के बाद माता वैष्णो देवी की यात्रा

**जम्मू।**



बारिश और भूस्खलन के खतरे के चलते वैष्णो देवी यात्रा को एक बार फिर से सुरक्षा कारणों से स्थगित कर दिया गया। श्रद्धालुओं में निराशा का माहौल है, जबकि प्रशासन ने मौसम सुधरने पर यात्रा दोबारा शुरू करने का आश्वासन दिया है। वैष्णो देवी की यात्रा बुधवार को शुरू होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु पंजीकरण कराकर भवन की ओर प्रस्थान करने लगे और धर्मनगरी में रौनक लौट आई। लेकिन दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और भवन क्षेत्र में बारिश होने लगी। बारिश के कारण पारम्परिक मार्ग पर जगह-जगह फिसलन और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए सुरक्षा कारणों से एक बार फिर यात्रा को अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्णय लिया। 5.45 बजे श्राइन बोर्ड ने तुरंत पंजीकरण कक्ष बंद करने के निर्देश जारी कर दिए ताकि नए श्रद्धालुओं को आगे की यात्रा की अनुमति न दी जा सके। वहीं, जो श्रद्धालु पहले ही भवन की ओर रवाना हो चुके थे उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रोक लिया गया। जो यात्री धर्मनगरी कटड़ा भवन जाने के लिए पहुंचे थे मायूस नजर आए, क्योंकि लंबे इंतजार के बाद उन्हें माँ के दरबार के दर्शन का मौका मिलने वाला था। प्रशासन का कहना है कि मौसम के सुधरते ही यात्रा को पुन शुरू करने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासनिक निदेर्शों का पालन करें। धर्मनगरी कटड़ा में होटल व्यवसायियों और स्थानीय दुकानदारों ने भी निराशा जताई है। उनका कहना है कि यात्रा बंद होने से न सिर्फ श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं, बल्कि स्थानीय कारोबार पर भी गहरा असर पड़ रहा है। फिलहाल सभी की निगाहें मौसम और श्राइन बोर्ड के अगले आदेश पर टिकी हुई हैं।

## संपादक की कलम से

# शांति की आशा

पीएम मोदी आज मणिपुर के दौरे पर जा रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मणिपुर जा रहे हैं। उनकी यह यात्रा बहुप्रतीक्षित थी। दो साल से ज्यादा वक्त से यह राज्य अशांत है। छिटपुट हिंसा का दौर अब भी जारी है। पीएम के दौरे और विकास परियोजनाओं के ऐलान से शांति व स्थायित्व बहाल करने में मदद मिल सकती है।



ललित शर्मा
संपादक

**जानमाल का बड़ा नुकसान :** मणिपुर का मौजूदा संकट मार्च 2023 में वहां के हाईकोर्ट के उस आदेश से शुरू हुआ था, जिसमें राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने पर जल्द विचार करने को कहा गया था। इसके कुछ दिनों बाद ही कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़क उठी। इसमें 250 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों विस्थापितों की तरह रहने को मजबूर हैं। तुर्की से र–400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदकर भारत को भेजेंगे पुतिन? रूस और तुर्की के बीच सीक्रेट डील! ऋ–35 का खुलेगा दरवाजा अमेरिका, यूरोप से इस्लाम को खत्म कर देंगे... कुरान जलाने वाली अमेरिकी नेता ने लंदन में उगला जहर, मुसलमानों को बताया रेपिस्ट अमेरिका की धमकी का डर नहीं... रूस और बेलारूस के महायुद्धाभ्यास में शामिल हुआ भारत, वॉशिंगटन की बढ़ेगी टेंशन हांफते–हांफते पाकिस्तान ने बनाई सुपर 4 में जगह, यूएई को डू और डाई मैच में हराया, अब भारत से होगी भिड़ंत **आम सहमति :** इस संघर्ष ने राज्य की दो प्रमुख जनजातियों के बीच अविश्वास को और गहरा कर दिया है। मामले की जटिलता यह है कि कुकी और मैतेई ही नहीं, कई दूसरी जनजातियां भी हैं, जिनको वार्ता का हिस्सा बनाए बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उम्मीद की जा सकती है कि प्रधानमंत्री के जाने से इस दिशा में ठोस पहल होगी। **अराजकता पर लगाम :** पीएम मोदी राजधानी इंफाल के साथ चुराचांदपुर भी जाएंगे। हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में चुराचांदपुर है। पीएम के दौरे का ऐलान होने के बाद भी यहां से पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ कुछ लोगों की झड़प की खबरें आई थीं। इससे जाहिर होता है कि कुछ अराजक तत्व शांति बहाली की कोशिशों को पटरी से उतारना चाहते हैं। **भरोसे की जरूरत :** राज्य के लोगों को यह भरोसा दिलाने की जरूरत है कि सरकार किसी एक समुदाय या वर्ग के साथ नहीं, पूरे मणिपुर के साथ है और उनकी सामूहिक भलाई के लिए काम कर रही है। दरअसल, निवर्तमान सीएम एन बीरेन सिंह को इसीलिए इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि उन्हें लेकर कुकी समुदाय आश्वस्त नहीं था। यह भी आरोप लगे थे कि उन्होंने हिंसा से निपटने के लिए जरूरी तत्परता नहीं दिखाई। मणिपुर का सामाजिक तानाबाना बहुत नाजुक है। यहां पहले भी कुकी–पाइते और मैतेई–पंगल संघर्ष हो चुका है। केंद्र की एक्ट–ईस्ट पॉलिसी का हिस्सा होने और म्यांमार से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण मणिपुर में ज्यादा संवेदनशीलता व सावधानी बरतने की जरूरत है।

## मोनिका डागा

## नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर

## कविता



मातृभूमि का है वो सच्चा सेवक, कर्मठ नेता, सपूत बेमिसाल,
शपथ ली जिसने आजीवन सेवा की रज तिलक कर भाल,
गुणगान उनका करे मेरी लेखनी ठोक ठोक ₹आनंद₹ ताल,
रगों में दौड़ता जिनके देशभक्ति के जोशीले रक्त का उबाल ।

मेरा भारत हो सशक्त, सर्वांगीण विकसित, समृद्धिशाली खुशहाल,
हर क्षेत्र में विश्वस्तरीय पटल पर मचाएं हर एक भारतीय धमाल,
दसों दिशाओं में गूँजे डंका भारत का हो ऐसा परिवर्तन कमाल,
दहक रही थी उनके भीतर आत्मविश्वास की वर्षो से ये मशाल ।

जनता जनार्दन ने भारत भूमि के हित में निर्णय लिया विशाल,
चुन लिया नेता माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को पहना कर माल,
करता आया उनकी सेना का संगठन देशवासियों की देखभाल,
बदली सम्पूर्ण विश्व में फिर पुराने भारत की तस्वीर बदले हाल ।

धैर्य साहस सत्य समर्पण त्याग कर्तव्य का गठबंधन समयकाल,
अपनी दृढ़ संकल्प शक्ति यम नियम व्रत से जिन्होंने किया कमाल,
कॉपता है आज मोदी जी के समक्ष विरोधियों का हर सवाल,
कैसे ढूँढ लाते हैं वो दुश्मनों को झट से एक कर धरती पाताल ।

विविधताओं में भी दिखता हैं एक रंग भारत माता के है सब लाल,
आदर सत्कार करते सब धर्मों का एक दूसरे का लेते हैं हाल–चाल,
मेरे भारत की ओर ऑख उठाकर न देख दुश्मन कर देंगे तुझे हलाल,
जब नेता हो सुयोग्य तो बदल जाती हैं हर देश की पहचान चाल ढाल ।

आज आसान हुआ हर वर्ग का जीविकोपार्जन सुधरे हैं हाल,
स्वस्थ सुंदर समृद्ध शक्तिशाली भारत का नवीनीकरण विशाल,
मोदी जी के जैसे ज्ञानी महापुरुष के मार्गदर्शन से हुए मालामाल,
माननीय मोदी जी को जन्म दिन पर देते हम अशेष दुआएं महाकाल ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# राष्ट्रों के सामरिक विवादों से भविष्य में आर्थिक परेशानियां



संजीव ठाकुर

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।युद्धों की परिणति से विश्व में आर्थिक विषमताएं तथा असमानताएं बढ़ती जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं इतिहास गवाह है कि युद्ध से कभी किसी का विकास नहीं हुआ और यह भविष्य की आर्थिक परेशानियों का बड़ा सबब रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है हजारों सैनिकों की आहुति चढ़ चुकी है ।ताजा ताजा यूक्रेन ने 60 ड्रोन से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर दिया और रूस के पास अब गोला बारूद की कमी होने लगी है। दूसरी तरफ इसराइल हमास युद्ध में ताजा खबरों के अनुसार लेबनान ने इसराइल पर बडा हमला करके अमेरिका के युद्ध विराम के प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। युद्ध विराम के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस यूक्रेन तथा इसराइल हमास युद्ध रोकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैं परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें है इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरूआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं ।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है।इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं।इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है।

अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं। अमेरिका में चूंकि वर्ष 24 में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं ऐसे में वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन को अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए और चुनाव जीतने के लिए एक बहुत बड़े मुद्दे की तलाश जरूर होगी और इसके चलते वह अपनी राजनीतिक साख को बचाने के लिए किसी भी देश से अपनी बादशाहत बचाने के लिए युद्ध कर सकते हैं और जाहिर है कि उनके किसी भी युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस ,आस्ट्रेलिया, इजरायल आंख मूंदकर साथ देने को तैयार होंगे। इधर भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही चीन से परंपरागत दुश्मनी चली आ रही है दूसरी तरफ भारत रूस का अभिन्न मित्र भी है भारत परंपरागत रूप से रूस का समर्थन करते आया है या अलग बात है कि अमेरिका से उसके संबंध पिछले 10 सालों से काफी मधुर हो गए हैं और वह सदैव शांति का पक्षधर रहा है। ऐसे मैं नवीन परिस्थितियों में रूस यूक्रेन युद्ध चीन ताइवान विवाद और उत्तर कोरिया की दक्षिण कोरिया के ऊपर अनावश्यक दादागिरी और अमेरिकी तथा नैटो देशों का खुलकर चीन रूस तथा उत्तर कोरिया के लिए विरोध पूरे विश्व में परमाणु हेतु की पूरी-पूरी पृष्ठभूमि तथा प्रस्तावना तैयार कर चुके हैं और यह भी संभावना होगी कि पाकिस्तान तथा खाड़ी के देश भी ऐसी परिस्थितियों में किसी भी संभावित विश्वयुद्ध में शामिल हो सकते हैं और यदि विश्व युद्ध होता है तो यह मानवता तथा पृथ्वी के लिए बड़ा ही विनाशक होगा हम सिर्फ कामना कर सकते हैं की युद्ध नहीं हर तरफ शांति ही शांति हो।

# आतिशबाजी रहित उत्सवों की परम्परा का सूत्रपात हो



ललित गर्ग



त्योहार और उत्सव हमारे जीवन का हिस्सा हैं। वे सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक खुशी का प्रतीक हैं। लेकिन जब खुशी मनाने का तरीका ही हमारे स्वास्थ्य और जीवन के लिए संकट बन जाए, तब उस पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। दीपावली पर पटाखों की परंपरा समाज में गहराई तक पैठ चुकी है। लोग इसे परंपरा, रौनक और आनंद का प्रतीक मानते हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि “बिना पटाखों के त्योहार अधूरा लगता है” लेकिन यह सोच आज के समय में बेहद खतरनाक साबित हो रही है। त्योहार की असली रौनक दीपों की जगमगाहट, परिवार की एकजुटता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक उत्सवों में है। संगीत, नाटक, कला और पारंपरिक दीपक किसी भी पटाखे से कहीं अधिक स्थायी आनंद दे सकते हैं। समय आ गया है कि हम यह स्वीकार करें कि आतिशबाजी अब हमारी खुशियों का हिस्सा नहीं रह सकती। खुशियों का असली मतलब है एक–दूसरे के साथ का आनंद, स्वच्छ वातावरण में खुलकर सांस लेना और समाज में शांति और प्रेम का संचार करना। अगर हम चाहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सके, तो आतिशबाजी को त्यागना ही होगा। सरकारें अपनी नीतियों से इस दिशा में पहल कर चुकी हैं, अदालत ने भी कठोर आदेश दिए हैं, अब बारी समाज की है कि वह अपनी सोच बदले और अपने त्योहारों को पटाखों के बिना भी और अधिक रोशन और सार्थक बनाए। एक नागरिक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर–जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बढ़ा ही है। जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना त्योहार मनाएंगे, तभी सच्चे अर्थों में हमारे उत्सव जीवनदायी और सार्थक बनेंगे। यही समय है कि हम सामूहिक रूप से एक नई परंपरा गढ़ें, आतिशबाजी रहित त्योहारों की परंपरा, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें दोष न दें कि हमने उनके हिस्से की स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण छीन लिया।

पर्यावरण संकट हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की लगातार हो रही क्षति ने जीवन को असहज और असुरक्षित बना दिया है। यह संकट किसी दूर के भविष्य की चिंता नहीं है, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है। राजधानी दिल्ली इसका सबसे जीवंत उदाहरण है, जहाँ दीपावली और अन्य त्योहारों के बाद वायु गुणवत्ता इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। इसका एक प्रमुख कारण पटाखों का प्रयोग है। पटाखे और आतिशबाजी कुछ क्षणों के लिए उत्सव का शोर और रोशनी जरूर बिखेरते हैं, लेकिन उनके पीछे छूट जाता है जहरीला धुआं, असहनीय शोर, सांस लेने में तकलीफ और एक असंतुलित वातावरण। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक होने के साथ-साथ जनजागरूकता बढ़ाने वाली है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। दिल्ली ही नहीं, सम्पूर्ण देश में वायु प्रदूषण को नियंत्रण करना जरूरी है।

दुनिया भर के प्रदूषित देशों में भारत पांचवें नंबर पर है, दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर भी हमारे ही देश में हैं, ऐसे तेरह शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हैं, इन चिन्ताजनक हालातों में हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। पटाखों के दुष्प्रभाव स्पष्ट और प्रमाणित हैं। वे वातावरण में जहरीली गैसों का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता अचानक बेहद खराब हो जाती है। दीपावली की रात पटाखों से निकलने वाला धुआं कई दिनों तक हवा में बना रहता है और सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, हृदय रोग और दमा जैसी बीमारियों को और गंभीर कर देता है। पटाखों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए भय और असहनीय पीड़ा का कारण बनता है। पशु-पक्षियों की स्थिति भी दयनीय हो जाती है, उनके जीवन में असुरक्षा और बेचैनी घुल जाती है। यह सब जानते हुए भी आतिशबाजी को लेकर समाज में अब भी ढिलाई और परंपरा के नाम पर अनदेखी जारी रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है।

दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में दीपावली के बाद की स्थिति किसी आपदा से कम नहीं होती। पिछले वर्ष दीपावली के दौरान दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 300 से ऊपर चला गया और “बहुत खराब” से “गंभीर” श्रेणी में दर्ज हुआ। यह हर साल का दोहराया जाने वाला दृश्य है और हर साल सरकार, समाज और न्यायपालिका को इसे लेकर चिंतित होना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विकट स्थिति को गंभीरता से लिया है और हाल के वर्षों में बार-बार स्पष्ट किया है कि केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पटाखों पर रोक लगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बनीर्हाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। हाल ही में अदालत ने सरकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पटाखों के उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण रोक हो, और जो भी इन नियमों का उल्लंघन करे उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अदालत का यह रुख केवल कानूनी आदेश नहीं है, बल्कि समाज को चेताने वाला संदेश भी है कि अब हमें अपने उत्सवों की परिभाषा बदलनी होगी। दिल्ली सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत पटाखों पर पूर्ण और स्थायी प्रतिबंध लागू किया है। इस प्रतिबंध के अनुसार न तो पटाखों का उत्पादन हो सकता है, न बिक्री और न ही भंडारण या उपयोग। यह कदम पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जरूरी था। लेकिन केवल सरकारी आदेश और अदालत के निर्देश काफी नहीं होंगे, जब तक समाज स्वयं अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव नहीं लाता। परंपराओं को बदलने में समय लगता है, लेकिन जैसे लोग धीरे-धीरे प्लास्टिक के खिलाफ खड़े हुए और विकल्प तलाशने लगे, वैसे ही आतिशबाजी से मुक्त त्योहारों को भी अपनाया जा सकता है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है। कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायनिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। इससे ओजोन परत भी क्षतिग्रस्त हो रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है।

# बिजली कर्मियों ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर संकल्प लिया कि अरबों खरबों रुपए की बिजली की परिसंपत्तियों और मशीनों को निजी घरानों के हाथ बिकने नहीं देंगे

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की और पूजा के बाद संकल्प लिया कि अरबों खरबों रुपए के बिजली के जिन संयंत्रों की आज पूजा की है, उन्हें किसी भी परिस्थिति में निजी घरानों के हाथ बिकने नहीं देंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी दुर्गा प्रसाद ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के बिजली संयंत्रों, सब स्टेशनों और मशीनों की अनुमानित लागत एक लाख करोड रुपए है। शासन और पावर कारपोरेशन प्रबन्धन के कुछ बड़े अधिकारी जिनकी निजी घरानों के साथ सांठगांठ है, इन परिसंपत्तियों और मशीनों को बेचने पर आमादा हैं।

उन्होंने कहा कि बिजली कर्मी इन मशीनों और संयंत्रों की प्रति वर्ष विश्वकर्मा पूजा पर पूजा करते हैं और इन्हें अपनी मां मानते हैं। बिजली कर्मियों का इनके साथ बहुत ही भावनात्मक रिश्ता है। विगत 294 दिनों से संघर्षरत बिजली कर्मियों ने पूजा भी की और निजीकरण के विरोध में विरोध प्रदर्शन का अपना अभियान भी जारी रखा। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी भास्कर पांडेय ने कहा कि दमन और उत्पीड़न के बल पर निजीकरण नहीं होने दिया जाएगा। बिजली कर्मी अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे जब तक निजीकरण का निर्णय वापस नहीं लिया जाता और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों समाप्त नहीं की जाती। संत कबीर नगर में विरोध प्रदर्शन में कार्यकारी सहायक दुर्गाप्रसाद, मनीष मिश्रा, दिलीप मौर्य, नारायण चंद्र चौरसरिया, प्रद्युम्न कुमार, अशोक कुमार, आशीष कुमार, भास्कर पांडेय, देवप्रकाश शर्मा, मनोज यादव, रितेश कुमार समेत अन्य बिजली कर्मी मौजूद रहे।

# गणित ओलंपियाड परीक्षा संपन्न दस सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्राएं हुई चयनित

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर गणित ओलंपियाड की परीक्षा संपन्न हुई ।जिसमें विद्यालय स्तर पर तीन छात्र छात्रों का चयन किया गया। विद्यालय स्तर पर चयनित एक एक सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्राओं ने गणित ओलंपियाड परीक्षा में प्रतिभाग किया।ब्लॉक के 48 कंपोजिट एवं जुनियर हाई स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह ने ब्लॉक स्तर पर चयनित दस सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्राओं के नाम की घोषणा की। ब्लॉक के दस सर्वश्रेष्ठ छात्र ब्लॉक स्तर पर दस सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्राओं में आनंद कुमार पीएम श्री विद्यालय बाघनगर, साक्षी चौरसिया जुनियर हाई स्कूल अमिला, निखिल कंपोजिट विद्यालय परसा शेख, रविन्द्र कुमार कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां, अंशु कंपोजिट विद्यालय शुक्रौली, रूपा जुनियर हाई स्कूल पैली, अहमद भारती, कंपोजिट विद्यालय चिउटना, अंकित जुनियर हाई स्कूल छांगुरिया बगुलिया, अरविंद गौड जुनियर हाई स्कूल डारीडीहा और अंजलि चौहान कंपोजिट विद्यालय लहुरा देवा के नाम शामिल हैं। ब्लॉक के सफल छात्र छात्राओं को आरपी संतोष कुमार त्रिपाठी, कृष्ण नारायण पांडेय, गणेश प्रसाद , जफीर अली , मो आजम, विकास कुमार, शमा अजीज खान, जलालुद्दीन, अब्दुर्रहीम , मुबारक हुसैन, फूलचंद, राम निहोर, महमूद अहमद ने बधाई दिया है।

# भाजपा कार्यकताओं ने सफाई अभियान चलाया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर मोरना मंडल के ग्राम मोरना में भाजपा कार्यकताओं द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।इस दौरान देवता डिग्री कॉलेज मोरना, भारत सेवाधाम मोरना, गौरी गोलोक मोरना, जहार दिवान मंदिर आदि पर भाजपा कार्यकताओं ने सफाई अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रामवीर सिंह सभापति धामपुर गन्ना समिति, नीरज शेखावत महामंत्री मोरना मंडल, कवि सिसोदिया मंडल उपाध्यक्ष, सुशील कुमार बूथ अध्यक्ष, रमेश सिंह बूथ अध्यक्ष, रामवीर सिंह, प्रधानाचार्य, देवराज सिंह कमल, डॉ सूरजभान सिंह, विपुल कुमार, यशवीर राणा, रमेश सिंह पूर्व प्रधान मोरना, चंदन सिसोदिया आदि का योगदान रहा।

# तहसील मुख्यालयों पर 19 सितंबर को भूकंप अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का संचालन किया जायेगा

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा भूकंप औद्योगिक (रासायनिक) एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का सफल आयोजन/संचालन कराए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक निदेशक कारखाना, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव सहित अग्नि सुरक्षा, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 19 सितंबर 2025 को सभी तहसील मुख्यालयों पर भूकंप औद्योगिक (रासायनिक) एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का संचालन उन्हीं की देखरेख में किया जाएगा। अतः सभी उप जिलाधिकारी निर्धारित मानक के अनुरूप मॉक एक्सरसाइज के लिए सभी आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों के साथ पूर्व में तैयारी करना सुनिश्चित करें, ताकि मॉक ड्रिल एक्सरसाइज के समय किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होने पाए।

उन्होंने बताया कि 19 सितंबर 2025 को बिजनौर मुख्यालय स्थित राजा ज्वाला प्रसाद इंटर कॉलेज बिजनौर में भूकंप सुरक्षा, इंटर कॉलेज धामपुर में ऊंचे भवन में भूकंप आने की स्थिति में, गुलाब सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर में ऊंचे भवन हॉस्पिटल में अग्नि सुरक्षा पर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भूकंप की स्थिति पर तथा औद्योगिक इकाई, भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, आदर्श नगर, नजीबाबाद में अग्नि सुरक्षा पर आधारित मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निदेर्शों के अनुपालन में निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण गुणवत्ता के साथ मॉक एक्सरसाइज कार्यक्रम का संचालन करना सुनिश्चित करें।

# नजीबाबाद डिवीजन के संपूर्ण वन्य क्षेत्र में फेसिंग का कार्य और उसको सुरक्षित रखने के लिए चोड़ी खाई बनाया जाना प्रस्तावित

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि नजीबाबाद डिवीजन के संपूर्ण वन्य क्षेत्र में फेंसिंग का कार्य और उसको सुरक्षित रखने के लिए चौड़ी खाई बनाया जाना प्रस्तावित है तथा गुलदारों की जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए स्टरलाइजेशन करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, अनुमति मिलते ही इस योजना पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने सभी किसान यूनियन के पदाधिकारियों का आह्वान किया कि जन सामान्य को गुलदार से सुरक्षित रखने के लिए गुलदार प्रभावित क्षेत्र के 'गुलदार मित्र' बनने के इच्छुक स्वयंसेवियों की सूची वन विभाग को उपलब्ध कराएं ताकि उनको आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध करा कर उनका सहयोग प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामवासी अनिवार्य रूप से अपने घरों में बने शौचालयों का ही प्रयोग करें और किसी भी अवस्था में शौच के लिए रात्रि में गांव से बाहर न जाएं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुलदार से बचाव के लिए ग्रामों में भ्रमण कर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें और किसानों को भी उसमें अनिवार्य रूप से शामिल करें ।जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिले की विभिन्न किसान यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ गुलदार जागरूकता कैंप से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थीं ।उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों को गुलदार से सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में सभी पोल्ट्री फार्म का गहनता के साथ निरीक्षण करें और वहां से निकलने वाले अपशिष्ट का प्रबंध किस प्रकार किया जा रहा है रिपोर्ट तलब करें और जिस पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, उनके संचालकों को नोटिस दें और अनुपालन न करने पर उनका लाइसेंस निरस्त किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मृत पशुओं के लिए आबादी से दूर गहरी पिट खुदवा कर उसमें मृत पशुओं को डिस्पोज करें ताकि गुलदार अथवा कोई अन्य मांसभक्षी जानवर उसका भक्षण न कर सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जनमानस की सुविधा हेतु उचित मूल्य पर गुलदार से सुरक्षा के लिए वाइल्डलाइफ रेपेलेंट गैजेट, जिसमें प्रकाश और तेज ध्वनि प्रसारित होती है।

# उधर तेज बारिश ने मचाया हाहाकार , गरीब मजबूर के मकान का कमरा ध्वस्त

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नगीना।** सितंबर के दूसरे माह में भी बारिश ने कहर बरपा रखा है मूसलाधार तेज बारिश व आसमानी बिजली की गड़बड़हट से एक गरीब मजदूर के मकान का कमरा ध्वस्त होने से उसका भारी नुकसान हो गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ पीड़ित ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बारिश से कारण गिरे मकान का दैवीय आपदा के अंतर्गत नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की

मंगलवार की रात्रि को कई घंटे मूसलाधार तेज बारिश के कारण जहां चारों ओर पानी -पानी हो गया वहीं आसमानी बिजली की तेज भयंकर गड़बड़ाहट के कारण मोहल्ला कस्बा निवासी गरीब मजदूर शिवचरण पुत्र लल्लू सिंह के मकान का एक कमरा गिरकर पूरी तरह ध्वस्थ हो गया परिवार के लोगो के दूसरे कमरे में सोने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, बुधवार को पीडित शिवचरण ने एसडीएम नितिन कुमार को एक प्रार्थना पत्र देकर ध्वस्त हुए मकान का दैवीय आपदा के अंतर्गत मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# अमरगढ़ पुलिस पर विकलांग युवक के साथ मारपीट का आरोप ग्रामीणों ने किया हंगामा !

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर थाना जहांगीराबाद चौकी क्षेत्र अमरगढ़ में पुलिस पर एक विकलांग युवक के साथ मारपीट का आरोप लगा है मंगलवार

को क्षेत्र की रिपोर्टिंग चौकी अमरगढ़ में उधारी के पूरे रुपए न देने पर थाना जहांगीराबाद क्षेत्र की पुलिस चौकी अमरगढ़ में तैनात एक सिपाही विकलांग को घर से उठाकर चौकी लाया और फिर उसमें अपराधी की तरह मारपीट करते हुए हवालात में बंद कर दिया जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दर्जनों लोगों ने सिपाही द्वारा विकलांग को पीटे जाने के विरोध में जमकर हंगामा किया। खास बात यह रही चौकी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी कई घंटे तक चौकी पर नहीं पहुंचे गुस्साआए विकलांग के परिजनों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की बात कही है ग्रामीण एकजुट होकर चौकी परिसर पहुंच गए और जामकर हंगामा किया हंगामा देख कर पुलिस कर्मी चौकी से फरार हो गए चौकीप्रभारी अमरगढ़ विशाल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# एक शाम मोदी के नाम मैं सम्मानित हुए महताब खान चांद

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर एक शाम मोदी के नाम भव्य कार्यक्रम एनडीएमसी सभागार संसद मार्ग दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें देश भर से आए लोगों ने हिस्सा लिया वहीं देश में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा भाव से राष्ट्र हित में काम कर रहे प्रतिभावान समाजसेवी लोगों को सम्मानित किया गया और महताब खान चांद को इस अवसर पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश बंसल सांसद राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भाजपा श्याम लाल जाजू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा मनीष गुप्ता मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रामकुमार वालिया मंत्री उत्तराखंड संगठन के अध्यक्ष डाक्टर मनोज कुमार शिक्षा अभियान के चैयरमेन संदीप गुडियाल महामंडलेश्वर बाला प्रीतम आचार्य सहित बड़ी संख्या में देश के लब्ध प्रतिष्ठित महानुभावों ने हिस्सा लिया।

# प्रधानमंत्री ने गर्भवती महिलाओं को दिया तोहफा , राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ममता कुमारी ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली:** बुधवार को 17 सितंबर अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्भवती महिलाओं को दिया तोहफा , स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान लॉन्च किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ममता कुमारी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया साथ ही कहा यह देश में महिलाओं और बच्चों के लिए अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ अभियान है। बता दे कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश भर के सरकारी केंद्रों में एक लाख से ज्यादा स्वास्थ शिविर आयोजित किए जाएंगे। देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों,(सीएचसी) जिला अस्पतालों और अन्य सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में आयोजित किया जाएगा। इसके तहत एक लाख से अधिक स्वास्थ स्वस्थ शिविर आयोजित जिससे देश भर में महिलाओं और बच्चों के लिए अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ अभियान बन जायेगा। स्वस्थ नारी सशक्त परिवारअभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण मां की शुरूआत पीएम मोदी ने कहा धार से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ हो रहा है देशभर में अलग-अलग चरणों में आदि सेवा पर्व की गूंज पहले से ही सुनाई दे रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ममता कुमारी ने ने महिलाओं के इस विशेष उपहार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद किया साथ ही महिलाओं से अपील की है ये अभियान का शुभारंभ महिलाओं के अधिकार और सम्मान के लिए है हर कोई भाग ले। महिलाओं के सपने को साकार किया है प्रधानमंत्री ने देश में दुनियां में महिलाओं से शक्तिशाली कोई नहीं है जिस तरह एक महिला अपने घर को संयोजती है संभालती हैं स्वर्ग बनाती हैं । आज देश के हर महिलाओं की शक्ति सम्मान और सपने पूरा किया है अब महिलाओं से भी अनुरोध है इस अभियान को सफल बनाए ताकि पूरी दुनियां में इसका एक उदाहरण बन जाएं।

# शहीद प्रभात गौड़ के परिजनों से मिले राज्य मंत्री

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु, उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ. अरुण कुमार ने स्याना तहसील क्षेत्र के गांव पाली आनंदगढ़ी का दौरा किया। उन्होंने शहीद जवान प्रभात गौड़ के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने शहीद प्रभात गौड़ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शहीद के परिजनों से विस्तार से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। राज्य मंत्री ने परिजनों को आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनका बलिदान देश के लिए गौरव का विषय है। मुलाकात के दौरान, परिजनों और ग्रामीणों ने शहीद के सम्मान में कुछ मांगों को मंत्री के समक्ष रखा ।इनमें शहीद के अंतिम संस्कार स्थल तक संपर्क मार्ग का निर्माण, पाली आनंदगढ़ी से चित्या नंदपुर नगली तक सड़क का खंडन, एक बालिका डिग्री कॉलेज की स्थापना और शहीद की पत्नी को दोनों सरकारों से मिलने वाली सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करने की मांगें शामिल थीं। मंत्री ने इन सभी मांगों पर विचार करने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान, ठाकुर सुनील सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

**अनुज कुमार शर्मा ब्यूरो**




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर 1:30 बजे उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा भूकंप औद्योगिक (रासायनिक) एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का सफल आयोजन/संचालन कराए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक निदेशक कारखाना, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला आपदा प्रबंधक प्रशांत कुमार सहित अग्नि सुरक्षा, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी उप जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 19 सितंबर 2025 को सभी तहसील मुख्यालयों पर भूकंप औद्योगिक (रासायनिक) एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का संचालन उन्हीं की देखरेख में किया जाएगा। अतः सभी उप जिला अधिकारी निर्धारित मानक के अनुरूप मॉक एक्सरसाइज के लिए सभी आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों के साथ पूर्व में तैयारी करना सुनिश्चित करें, ताकि मॉक ड्रिल एक्सरसाइज के समय किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर 2025 को बिजनौर मुख्यालय स्थित राजा ज्वाला प्रसाद इंटर कॉलेज बिजनौर में भूकंप सुरक्षा, इंटर कॉलेज कॉलेज धामपुर में ऊंचे भवन में भूकंप आने की स्थिति में, गुलाब सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर में ऊंचे भवन हॉस्पिटल में अग्नि सुरक्षा पर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भूकंप की स्थिति पर तथा औद्योगिक इकाई, भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, आदर्श नगर, नजीबाबाद में अग्नि सुरक्षा पर आधारित मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निर्देशों के अनुपालन में निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण गुणवत्ता के साथ मॉक एक्सरसाइज कार्यक्रम का संचालन करना सुनिश्चित करें।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा उत्साह

**बुलन्दशहर।** कल्याण सिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बुलन्दशहर एवं सम्बद्ध चिकित्सालय में 17 सितम्बर 2025 को वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बुजुर्गों का उत्साह देखते ही बनता था।

इस अवसर पर 80 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बी.पी., शुगर, दंत, नाक-कान-गला, नेत्र तथा खून की जांच शामिल रही। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। शिविर का संचालन प्रधानाचार्या डॉ. मनीषा जिंदल के मार्गदर्शन एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीर सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस पहल का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को समय पर स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवाइयाँ उपलब्ध कराना था, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



# स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव अभियान का ग्राम पंचायतों में किया गया शुभारम्भ



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

दिनांक 17 सितम्बर 2025 प्रतापगढ़। जनपद में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा-2025 स्वच्छोत्सव अभियान का विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे द्वारा विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ की ग्राम पंचायत नौड़िया में झाडू लगाकर साफ-सफाई अभियान का शुभारम्भ किया गया तथा स्वच्छता के रैली निकाली गयी। इसी प्रकार विकास खण्ड आसपुर देवसरा की ग्राम पंचायत भाटीखुर्द, विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम के चौखड़ा, विकास खण्ड शिवगढ़ की ग्राम पंचायत लच्छीपुर, विकासखण्ड मंगरौरा की ग्राम पंचायत चंदौका, विकास खण्ड बिहार की ग्राम पंचायत बारो, विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका की ग्राम पंचायत ताला सरिस्ताबाद, विकास खण्ड कुण्डा की ग्राम पंचायत मौली, विकास खण्ड गौरा की ग्राम पंचायत भवानीगढ़, विकासखण्ड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत सिंधौर, विकास खण्ड सदर की ग्राम पंचायत बड़नपुर व बनवीरकांछ, विकासखण्ड लालगंज की ग्राम पंचायत बेलहा, विकास खण्ड पट्टी की ग्राम पंचायत रमईपुर दिसनी, विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत लवाना, विकास खण्ड बाबागंज की ग्राम पंचायत चौरंग से एवं विकास खण्ड मानधाता की ग्राम पंचायत नेवाड़ी में स्वच्छता ही सेवा 2025 का शुभारम्भ किया गया जिसमें स्वच्छता रैली, श्रमदान आदि के कार्यक्रम किये गये।

# डिबाई नगर में श्रीराम लीला महोत्सव का हुआ आगाज।



**वेलकम इंडिया**

डिबाई/बुलंदशहर/डिबाई नगर में भगवान श्री गणेश शोभायात्रा के साथ श्रीराम लीला महोत्सव का आगाज हो गया है। गौरतलब है कि डिबाई की प्राचीन एवम परम्परागत श्रीराम लीला महोत्सव की शुरूआत से पहले भगवान श्री गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना राम लीला मैदान में की गई उसके बाद शोभायात्रा पूरे नगर में बैण्ड बाजों के साथ निकाली जाती है ।शोभायात्रा नगर की अनाज मण्डी से शुरू हुई ।जिसका शुभारंभ चेयरमैन अरूण कुमार सिंघल, रमेश चन्द्र प्रधान, वीरपाल सिंह लोधी, सुरेंद्र कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया शोभायात्रा अनाज मण्डी गेट से शुरू हुई जो महादेव चौराहा, पैठ चौराहा होली गेट, घण्टाघर आदि स्थानों से होती हुई गंतव्य पर जाकर सम्पन्न हुई ।इस दौरान विनोद खन्ना, ओमी लाला, विनीत वार्ष्णेय, आदि नगर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में सहायक है एनसीसी प्रशिक्षण : कर्नल प्रशांत कक्कड़

**वेलकम इंडिया**



**झांसी** ।एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सी ए टी सीझ201 दिनांक 15 से 24 सितम्बर 2025 तक टैगोर लाइन, लाल कुर्ती, झांसी कैंट में आयोजित किया जा रहा है !उक्त शिविर में जनपद झांसी एवं ललितपुर के 326 एनसीसी के सीनियर एवं जूनियर डिवीजन/विंग के कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं !शिविर का शुभारंभ कैंप कमांडेंट कर्नल प्रशांत कक्कड़ द्वारा किया गया ! इस अवसर पर कैंप के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 10 दिवसीय कैंप में शारीरिक प्रशिक्षण, फौज के बारे में सिखलाई, हथियार से वाकफियत, फायरिंग और ड्रिल का विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जाएगा ! शिविर के दौरान मिलिट्री विषय, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, बडी पेयर के महत्व पर विशेष बल देते हुए सैन्य महत्ता, सामाजिक सेवा एवं स्व जागरूकता विषयों पर अनुभवी सैन्य प्रशिक्षकों एवं एनसीसी अधिकारियों द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा !इसके अतिरिक्त कैडेट्स में प्रतियोगी भावना को विकसित करने के लिए फुटबॉल, खोझखो, रस्सा कशी, ड्रिल, टेंट पिचिंग, आदि प्रतियोगिताएं एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से कैडेट्स के मध्य आपसी साहचर्य एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रयत्न किया जाएगा ! कैम्प कमांडेंट द्वारा शिविर में सम्मिलित सभी एनसीसी कैडेट्स को कैंप के दौरान पूर्ण अनुशासन में रहने पर जोर दिया ! उक्त शिविर में एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर कानपुर की फुटबॉल सीनियर/जूनियर डिवीजन एवं बास्केटबॉल की सीनियर/जूनियर विंग टीम का भी चयन किया जाएगा ।उक्त शिविर में 56 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अंशुमन सक्सेना, शिविर के सूबेदार मेजर ओमवीर कैंप में अनुशासन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण पर पैनी नजर रखे हुए हैं ! उक्त के अतिरिक्त एनसीसी अधिकारी एवं कैम्प एडजुटेंट लेफ्टिनेंट विकाश वर्मा, लेफ्टिनेंट कुलदीप वर्मा, थर्ड अफसर सुरेश, सूबेदार विजय पाल सिंह, सूबेदार राज बहादुर गुरुंग, सूबेदार विक्रम सिंह, नायब सूबेदार ओम प्रकाश यादव सहित कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अरविंद विश्वकर्मा आनंद सिरौठिया एवं श्री चंद्र आदि उपस्थित रहे !

# ड्रोन की अफवाह पर पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया फतेह खान**

अयोध्या रुदौली कोतवाली के क्षेत्र के अंतर्गत प्रकाश पुरम मे बीती रात लोगों ने स्थानीय पुलिस को चोरों के द्वारा ड्रोन उड़ाने की सूचना दी गई, सूचना मिलते ही सीओ रूदौली आशीष निगम, प्रभारी निरीक्षक रूदौली संजय मौर्य व भेलसर चौकी इंचार्ज मनीष चतुवेर्दी मौके पर पहुंच लोगो से पूछताछ शुरू किया ।पूछताछ मे पहले तो सभी ने ड्रोन देखने की बात कही लेकिन जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो ड्रोन उड़ाने की बात अफवाह निकली।अफवाह फैलाने मे पुलिस ने एक की गिरफ्तारी कर कोतवाली ले जाया गया, उक्त के सम्बन्ध में सीओ आशीष निगम ने बताया कि ड्रोन उड़ाने जैसी निराधार अफवाहों पर विश्वास न करें। अफवाहों से घबराएं नहीं और पुलिस 24 घंटे उनकी सेवा के लिए ततपर है ग्रामीणों को ड्रोन की अफवाहों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और चौपाल लगाकर झूठी खबरों पर ध्यान न देने व ग्रामीणों को ड्रोन और चोरों की अफवाहों से बचने की सलाह दी जा रही है ।उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहों से बचने के लिए पुलिस द्वारा गांवों में विशेष चौपाल आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।श्री निगम ने कहा कि अगर आप लोगों को किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत स्थानीय थाने या हेल्पलाइन नंबर 112 पर तत्काल काल करें। अभी तक जितनी सूचना मिली सब अफवाह ही निकली, अफवाह फैलाने वालो पर कार्यवाही की जा रही है। वहीं कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि मंगलवार रात चोरों द्वारा ड्रोन उड़ाने की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंच पूछताछ शुरू किया तो पता चला कि ड्रोन उड़ाने की सूचना मात्र अफवाह है जिसमे एक लोग को हिरासत में लिया गया है।

# माता-पिता शिक्षा, संस्कार और जीवन का सबसे बड़ा सहारा







**वेलकम इंडिया**

माता-पिता शिक्षा, संस्कार और अमूल्य आशीर्वाद की अमिट छाया माँ स्वर्गीय श्रीमती निर्मला चावला और पिता स्वर्गीय श्री रूपलाल चावलाङ्क आप दोनों ने अपने प्रेम, त्याग और समर्पण से हमें जीवन की सबसे बड़ी सीख दी। शिक्षा से ही अच्छे संस्कार जन्म लेते हैं यह आप बार-बार समझाते थे। आपने हमें शिक्षित बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। अपने हर कदम से यह साबित किया कि बच्चों का भविष्य ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पिता कहा करते थे – शिक्षा वह धन है जो न चोरी हो सकता है, न घट सकता है। आपकी यह अमूल्य बात आज भी हमारे दिलों में गूंजती है। हे भगवान! ऐसे माता-पिता हर बच्चे को देना, जो अपने सुख-दुख को भुलाकर अपने बच्चों के लिए जीते हैं। आप जहाँ भी हों, आपके चरणों में शांति और सुख हो। आपकी ममता, आपके संस्कार, आपके दिए हुए मूल्य आज भी हमारे साथ हैं। आपके बिना जीवन अधूरा लगता है मन भर आता हैङ्कआँखें भीग जाती हैं आपकी याद में दिल टूट सा जाता है। आपका आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमेशा आपके चरणों में नमन।

# देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने उनकी दीघार्यु के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया

**अनुज कुमार शर्मा ब्यूरो**



नजीबाबाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर यज्ञ हवन करा कर उनके दीघार्यु होने की प्रार्थना की भारतीय जनता पार्टी गजरौला मंडल के मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका रुस्तम यादव , चौधरी ईशम सिंह के नेतृत्व में अरविन्द विश्वकर्मा के प्रतिष्ठान पर पंडित हरीश शर्मा ने यज्ञ हवन किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका रुस्तम यादव ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री आज विश्व के सबसे मजबूत और लोकप्रिय नेता हैं उनकी कुशल नीतियों के आधार पर हमारा देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की एकजुट और मोदी जी के दृढ़ता और मजबूती से 2047 तक हम अपने देश को विकसित देश बनाने में सफल होंगे चौधरी ईशम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि आज प्रधानमंत्री जी जनोपयोगी योजनाओं का बिना किसी भेदभाव के जनता तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचा रहे हैं हमारा प्रदेश प्रधानमंत्री जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि देश के प्रधानमंत्री इसी तरह से को नई ऊंचाईयों तक पहुंचने में सफल हो इस अवसर पर अरविंद विश्वकर्मा, हेमेन्द्र सिंह, सिंह, करण सिंह चौहान, पूर्व सदस्य जिला पंचायत यशवीर सिंह, डॉ रितेश सेन, कमल विश्वकर्मा, रितिक शर्मा, राजेश धीमान, सोनू शर्मा, सेवानिवृत्ति सैनिक पवन शर्मा, एडवोकेट जितेंद्र सिंह संदीप कुमार मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय, दीपक वाल्मीकि, रुस्तम यादव, तनिष्क, युवी चौधरी, रीना शर्मा, राजेन्द्र सिंह संजीता शर्मा आदि ने यज्ञ हवन में आहुतियां देकर प्रधानमंत्री जी के दीघार्यु होने की प्रार्थना करते हुए उनका जन्मदिन मनाया।

# तेंदुए का वीडियो इंटरनेट पर हुआ वायरल वन विभाग की टीम हुई सतर्क



**वेलकम इंडिया**

**रामघाट/बुलंदशहर**/खादर क्षेत्र में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल। तेंदूए की वीडियो हुई वायरल होने से वन विभाग के अधिकारी हुए सतर्क रामघाट थाना क्षेत्र के ग्राम गोकुलपुर खादर और टीले वाली माता मंदिर के बीच सड़क किनारे तेंदुआ कैमरे में कैद हुआ जिसका वीडियो तेजी के साथ वायरल होने से क्षेत्र के गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामघाट के समीप हजारा नहर मार्ग से गुजर रहे कार सवार नीरज यादव निवासी गोकुलपुर खादर, बीती रात रामघाट से अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान सड़क किनारे टहलते तेंदुए को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि तेंदुआ सड़क के किनारे बेखौफ घूम रहा है जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होते ही इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की मौजूदगी से खेतों और रास्तों से होकर निकलना स्कूली बच्चों को आना-जाना अब खौफनाक का कारण बन गया है। लोग आशंका जता रहे हैं कि तेंदुआ आसपास के जंगलों या गंगा किनारे के क्षेत्र से भटककर यहां पहुंचा होगा तेंदुए की सूचना वन विभाग के अधिकारियों व स्थानीय पुलिस प्रशासन तक पहुंचाई गई है। हालांकि वायरल वीडियो की समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है ।फिलहाल वन विभाग की टीम तेंदुए के मूवमेंट का पता लगाने के लिए क्षेत्र में तलाश और निगरानी कर रही है।

# प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिवस पर कटा केक, मरीजो को फल वितरित

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद** ।प्रधानमंत्री का 75 वां जन्मदिवस बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने बड़े ही धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।

अजगरा विधानसभा के चोलापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में जुटे कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तस्वीर के समक्ष केक काटकर उनके दीघार्यु होने की मंगल कामना की ।अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हर वर्ग और समाज के लिए देश हित में उल्लेखनीय कार्य कर भारत को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाई हैं ।इसलिए आज पूरा देश उन्हें युगपुरुष के रूप में अभिनंदन कर रहा हैं ।नरेंद्र मोदी जी का जीवन समर्पण और सेवा की मिसाल हैं, उन्होंने सदैव राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी ।इसके बाद भाजपा कार्यकताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती सभी मरीजों को फल वितरित किया गया। इस अवसर पर चन्द्रशेखर सिंह, विपिनचन्द्र राय, राजेश सिंह, भोला उपाध्याय, संतोष सिंह, धीरेंद्र गिरी, विशाल सिंह, सुभाष सिंह, विनय, शिवाजी, प्रशांत चतुवेर्दी, रविन्द्र, श्वेतांक तिवारी, रितेश सिंह, ललितेश, अनिल सेठ, भरत जायसवाल समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सारा हेल्थ केयर सेंटर का पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी 'रुश्दी' ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया फतेह खन**




**अयोध्या।** ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पटरंगा रोड स्थित मवई चौराहा पर सारा हेल्थ केयर सेंटर का भव्य शुभारंभ हुआ, सेंटर का उद्घाटन पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने फीता काटकर किया। पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने कहा कि ग्रामीण अंचल में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस सेंटर के माध्यम से स्थानीय लोगों को प्राथमिक उपचार, परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं सहज उपलब्ध हो सकेंगी। सेंटर प्रबंधन ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि हेल्थ केयर सेंटर पूरी ईमानदारी व समर्पण के साथ जनता की सेवा करेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ एम.कफील, डॉ.एम.रईस, डॉ.एम. शाकिब, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि इशरत अली, सपा नेता गुल्लू सिंह, जैनुल आबदीन, लियाकत अली, फरहान खां, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## किसानों एवं महिला समूहों को दी गई जानकारी

**मिजार्मुराद :** प्रधानमंत्री के प्रथम सांसद आदर्श गांव जयापुर में बुधवार को जया सीड्स प्रोड्यूसर कंपनी लि.के तत्वावधान में किसानों एवं महिला समूहों की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई। किसानों एवं महिला समूहों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही एपीओ के माध्यम से धान की खरीदारी व समय पर भुगतान की चर्चा हुई ।किसानों को सशक्त बनाने की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया ।कंपनी का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत कर महिला अंशधारकों को शेयर सर्टिफिकेट वितरित किया गया। अध्यक्षता डायरेक्टर विकास सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शार्दूल विक्रम सिंह ने किया। इस अवसर पर समुन्नति फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद सिंह, अनुराग कुमार, पीएनबी के ब्रांच मैनेजर संतोष शर्मा, कृषक केंद्र के मैनेजर के.एन., सत्येंद्र सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# धार्मिक और सामाजिक चेतना का संदेश, महर्षि कालू बाबा के जन्म उत्सव पर विशाल सम्मेलन का आयोजन

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** खंड विकास क्षेत्र के बुढ़ाना रोड स्थित हर्षवेश्वर मंदिर के न्यू कॉलोनी प्रांगण में जगतगुरु भगवान महर्षि कालू बाबा के पावन जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य और ऐतिहासिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। महर्षि कालू बाबा भारतीय समाज में आध्यात्मिक प्रबोधन एवं सामाजिक उत्थान के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्होंने धर्म, अध्यात्म और समाज सुधार के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया। अपने अनमोल उपदेशों के माध्यम से उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड और जातिगत भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और मानवता, समानता व अखंडता का संदेश दिया। उनका विचारधारा सदैव लोगों को एकता, प्रेम, सादगी और धर्म के सच्चे अर्थ की ओर प्रेरित करती है। कार्यक्रम का



संचालन राष्ट्रीय महासचिव राजवीर कश्यप एवं प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप ने किया। कार्यक्रम में सर्वजन लोक शक्ति पार्टी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुनीता कश्यप तथा कश्यप समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने धर्म के नाम पर हो रहे दुराचार, पाखंड, अंधविश्वास और समाज में फैलाई जा रही भ्रांतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।सम्मेलन में विशेष रूप से यह बताया गया कि समाज में आस्था और अंधविश्वास के नाम पर लोगों को धोखे में रखा जा रहा है। हजारों जातियों में धर्म के नाम पर भेदभाव कर समाज को असमानता की ओर धकेला जा रहा है, जिसे रोका जाना अत्यंत आवश्यक है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि धर्म का असली उद्देश्य मानवता की सेवा, सद्भाव और प्रेम का प्रसार है।विशिष्ट अतिथि मास्टर कृष्णपाल कश्यप ने भी अपने संबोधन में महर्षि कालू बाबा के आदर्शों को याद करते हुए समाज सुधार और धार्मिक चेतना पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे समाज से कुप्रथाओं, पाखंडों और गलत परंपराओं को समाप्त करने में अपना पूर्ण सहयोग दें। इस दौरान ओमपाल कश्यप, सुनीता कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, डॉ कृष्ण पाल कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता आरिफ जंग, संजीव कुमार सरोना, संसार सिंह कश्यप,पवन कश्यप नाला रामवीर कश्यप, जगदीश कश्यप,सरदार सिंह सहित आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बाइक लूटेरा 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल

वेलकम इंडिया

**शामली कांधला।** (मोहसीन रहमानी) थाना क्षेत्र की खंद्रावली नहर पटरी पर पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ में 25000 का इनामी लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा पुलिस तलाश में जुटी हुई है। पकड़े गए घायल बदमाश के ऊपर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करते हुए उपचार के बाद जेल भेज दिया है। एसपी शामली एनपी सिंह द्वारा बताया गया कि थानाभवन थाना क्षेत्र में गत सात जुलाई को भनेड़ा उदा नहर पुल पर बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक से मारपीट करते हुए नगदी-मोबाइल ओर बाइक लूट ली थी।? पीडत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में थाना क्षेत्र के गांव



खंद्रावली निवासी बदमाश शाहरुख पुत्र सलीम ओर उसके साथी का नाम प्रकाश में आया था। आरोपी बदमाशों के न मिलने पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया गया। मंगलवार देर रात में थाना प्रभारी सतीश कुमार अपनी टीम के साथ खंद्रावली नहर पटरी पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बाइक पर सवार होकर दो बदमाश कांधला की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने बाइक सवार दोनों बदमाशो को रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस बीच गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने घायल बदमाश को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में बदमाश ने अपना नाम शाहरुख निवासी खंद्रावली बताया। पुलिस ने आरोपी बदमाश के कब्जे से थानाभवन में लूटी गई बाइक, तमंचा ओर कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# भाजपा नेता ने तहसीलदार को धमकी देने का वीडियो फेसबुक पर किया वायरल

**शिकारपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने स्वयं को भाजपा नेता बताकर तहसीलदार पर विभिन्न गंभीर आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

भाजपा नेता के कब्जे से तहसील प्रशासन के द्वारा चकरोड खाली कराई गई थी जिस पर भाजपा नेता ने अपना आपा खो दिया है। तहसीलदार को धमकी देते हुए वीडियो वायरल कर दिया।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी कस्बा निवासी एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने विगत दो सितंबर को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बहन को पानीपत के थाना सनौली क्षेत्र के गांव राणा माजरा निवासी शाहरुख उर्फ भोलर अपने साथ भगा कर ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने कई दिन पूर्व किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज कराए थे। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। किशोरी ने आरोपी पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया था। बुधवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।



# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सेवा पखवाड़े का स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी और क्षेपं सदस्य ने फीता काटकर किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पालड़ीछीना में सेवा सप्ताह के तहत लगाए गए स्वास्थ शिविर का क्षेपं सदस्य और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया।आरोग्य केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सेवा पखवाड़े के तहत विशेष स्वास्थ शिविर लगाकर मरीजों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ करते हुए क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत ने कहा कि आज का दिन विशेष दिन है।जहां देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें लोगों को विभिन्न प्रकार की विमारियों से निजात दिलाने हेतु स्वास्थ शिविर लगाए जा रहे हैं।जिसका लाभ सभी मरीजों को उनके आसपास ही मिल सकेगा।शिविर में आरोग्य केंद्र में तैनात सीएचओ और अन्य मेडिकल स्टाफ द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित दवाइयां और परामर्श प्रदान कराया जा रहा है।उन्होंने केंद्र में तैनात सीएचओ,स्टाफ नर्स और अन्य कर्मियों से मरीजों को उचित इलाज करने तथा गम्भीर मरीजो के रोगियों के इलाज के लिए इसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सूची उच्चाधिकारियों को भेजने की अपील की।शिविर में कई मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण किया।साथ ही निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।इस दौरान सीएचओ रंजना गढ़िया, स्टाफ नर्स अनिता करायत, एएनएम प्रेरणा बिष्ट, सरिता जनोटी, हेमा देवी,सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# जीएम पैरामेडिकल कॉलेज के सचिव और निदेशक ने की स्वामी आर्यदेव से भेंट

वेलकम इंडिया

**गोवर्धन।** बुधवार को हरिद्वार स्थित पतंजलि योगग्राम सेवा प्रमुख स्वामी आर्यदेव जी से जीएम पैरामेडिकल कॉलेज के सचिव ब्रजेन्द्र शर्मा और निदेशक डॉ बिन्देश कुमार ने एक विशेष भेंट कर उनको गिरिराज जी के प्रसाद और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। स्वामी आर्यदेव, परम पूज्य स्वामी रामदेव जी के अनन्य शिष्य हैं और कई वर्षों से पतंजलि वेलनेस योगग्राम एवं निरामयम में ह्यसेवा प्रमुखह्न के रूप में महत्वपूर्ण प्रबंधन दायित्व संभाल रहे हैं। स्वामी आर्यदेव को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति भवन में दो बार सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें यह पुरस्कार तत्कालीन राष्ट्रपति



डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल द्वारा प्रदान किया गया था। वर्तमान में वे स्वामी रामदेव जी के दिव्य मार्गदर्शन में आध्यात्मिक साधना और कर्मयोग के पथ पर अग्रसर हैं। सचिव बृजेंद्र शर्मा और डॉ. बिन्देश ने स्वामी रामदेव जी को संस्थान में आने का निमंत्रण दिया। बताया गया कि इस आमंत्रण का उद्देश्य ब्रज क्षेत्र में योग और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार को और गति प्रदान करना है।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया

**शामली कांधला।(मोहसीन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के द्वारा किया गया। इस दौरान दर्जनों महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क किया गया और उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गई।ग्राम प्रधान पति राशिद जंग ने कहा,स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार की आधारशिला होती है। बरसात के मौसम में सड़कों पर जल जमाव व




स्वच्छता की कमी के कारण कई बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहें। महिला डॉक्टर नीलम ने बताया कि विशेष रूप से महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए नियमित जांच कराते रहना चाहिए बीमारियों के लक्षण पहचानने, सही पोषण लेने और साफ-सफाई के प्रति जागरूक कर रहे हैं ताकि वे स्वस्थ जीवन जी सकें। इस दौरान कार्यक्रम में फार्मासिस्ट परविंदर, डॉक्टर अहसान, गुड्डू सिद्दीकी, ओवैस अंसारी, कादिर जंग, आमिर जंग, सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

# कलर्स चैनल के बिन्दी की कहानी अब मथुरा से पहुंचेगी घर-घर तक



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मथुरा की पावन भूमि पर शूट हुआ नया टीवी शो 'बिन्दी' आज से कलर्स चैनल पर प्रसारित होगा। यह शो रात 8:30 बजे प्रतिदिन दिखाया जाएगा। 'स्ट्रीटलैम्प बीहाइव कलैक्टिव एलएलपी' के बैनर तले बने इस शो की कहानी मथुरा पर आधारित है। शो के निमार्ता सौरभ तिवारी, पाल्की मल्होत्रा, आनंद सिंह, समीर रेडिज और डैनिश मंसूरी हैं। इन्होंने मथुरा में शूटिंग का अनुभव साझा करते हुए कहा कि ब्रजवासियों और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से उन्हें काफी मदद मिली, खासकर बारिश के दिनों में। उन्होंने कहा कि मथुरा में काम करना उनके लिए सौभाग्य की बात थी। निमार्ताओं ने ब्रजवासियों से शो को देखने और अपना प्यार देने की अपील करते हुए कहा कि श्हमें उम्मीद है कि यह धारावाहिक आपके दिलों को छू जाएगा। 'बिन्दी' टीवी सीरियल की टीम ने मथुरा के कई प्रमुख स्थानों पर शूटिंग की, जिनमें श्रीकृष्ण जन्मभूमि, विश्राम घाट, द्वारकाधीश मंदिर, कुसुम सरोवर, गोवर्धन पर्वत, बरसाना, गोकुल और नंदगांव शामिल हैं। इस शो में मथुरा और ब्रज की संस्कृति को जीवंत करने के लिए कई स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को भी मौका दिया गया है। ब्रज कलाकार दुर्गी भैया और पत्रकार दिनेश सिंह तरकर भी इस शो का हिस्सा हैं। यह शो एक मां (काजल) और बेटी (बिन्दी) के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित है। शो में राधिका मुथुकुमार, कुशाल आहूजा, सांची भोयर, मानव गोहिल और अचिंत कौर जैसे जाने-माने कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। 'बिन्दी' पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को ब्रजभूमि की आस्था और परंपराओं के साथ जोड़कर पेश करेगा।

# दीना काका के जन्मोत्सव को सज गया दीनदयाल धाम

वेलकम इंडिया

**मथुरा/फरह।** एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता महामनीषी पं० दीनदयाल उपाध्याय के 110 वें जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए दीनदयाल धाम सज धज कर तैयार हो गया है। गांववासी अपने दीना काका के जन्मोत्सव को मनाने के लिए बहुत ही उत्साहित हैं। गांव वासियों ने जहां अपने घरों में साफ- सफाई, रंगाई- पुताई कर सजावट की है। वहीं स्मारक भवन भी सज धज का तैयार है। राधा कृष्ण मंदिर और पंडित जी की कुटिया भी सज कर तैयार है। मेला स्थल पर पहुंचने के लिए जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए हैं। विद्युत सजावट कर दी गई है। मेला के प्रचार- प्रसार के लिए सभी रास्तों पर जगह-जगह बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाएं गए हैं। मेला स्थल पर बच्चों और महिलाओं के मनोरंजन के लिए कई बड़े और छोटे झूले सहित अन्य मनोरंजन के साधन लग चुके हैं। गांव की बहन बेटियां अपने-अपने ससुराल से अपने काका का जन्म दिवस मनाने के लिए अपने मां-बाप के घर दीनदयाल धाम आ चुकी हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई वरिष्ठ प्रचारक और दायित्ववान अधिकारी दीनदयाल धाम



पहुंच चुके हैं। मेला में लजीज व्यंजनों का आनंद के लिए कचौड़ी , जलेबी, चाट- पकौड़ी, मिठाई, पान की दुकान और फास्ट फूड की दुकानें सज गई हैं। ग्रामीण परिवेश के घरों के लिए उपयोगी लोहा का बक्सा, गेहूं की टंकी, पत्थर सिलबट्टा आदि की दुकाने भी लग गई हैं। दीनदयाल धाम बिक्री केंद्र में भी कुर्ता-पजामा, जैकेट और आयुर्वेदिक दवाइयां, गौ गव्य धूपबत्ती सहित अनेक प्रोडेक्ट बिक्री के लिए तैयार हैं। कृषि प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की स्टॉल लगकर तैयार हैं। निदेशक सोनपाल ने बताया है कि चार दिवसीय जन्मोत्सव मेला का शुभारम्भ गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे से राधा कृष्ण मंदिर परिसर में हवन के साथ होगा। इससे पूर्व कलश यात्रा विद्यालय घोष के साथ निकाली जायेगी। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन प्रदर्शनी स्थल पर प्रातः 9: 30 बजे से होगा। मेला का शुभारंभ सायं 3 बजे से होगा। जिसमें मुख्य अतिथि श्री बजरंग लाल बांगड़ा महामंत्री विश्व हिंदू परिषद और विशिष्ट अतिथि उमा शक्ति पीठ वृंदावन के प्रसिद्ध संत स्वामी श्री रामदेवानंद सरस्वती जी महाराज होंगे । सायं 5 बजे से विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का रंगमंचीय कार्यक्रम होगा। रात्रि 10 बजे से क्षेत्रवासियों का प्रसिद्ध रसिया दंगल

# पत्रकारों के उत्पीड़न को लेकर जर्नलिस्ट काउंसिल ने भरी हुंकार

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमले और फर्जी मुकदमों को लेकर जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने एक वर्चुअल मीटिंग करके इस पर नाराजगी व्यक्त की और सरकार से मांग की है कि पत्रकारों को कार्य करने हेतु सुरक्षित एवं भय मुक्त माहौल सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाए ताकि पत्रकार निर्भीक होकर अपने कार्य को कर सके और समाज की अच्छाइयों एवं बुराइयों को उपलब्धता के आधार पर व्यक्त कर सकें क्योंकि पत्रकार समाज का आईना होता है। इस अवसर पर जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के एक सैकड़ा से अधिक राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य साथियों ने भी हिस्सा लिया और अपने विचार व्यक्त किए। सर्वप्रथम इस सभा का आरंभ जर्नलिस्ट काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनुराग सक्सेना के द्वारा पत्रकारों पर हो रहे फर्जी मुकदमो और उत्पीड़न को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए किया गया, डॉक्टर सक्सेना ने कहा कि आज जब छोटे अखबार अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं तब सरकार को ई पेपर को मान्यता देना अति आवश्यक हो गया है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय पदाधिकारी राजू चारण ने कहा कि असंगठित पत्रकारों



को संगठित होकर एक साथ आवाज उठानी पड़ेगी, तभी उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा और इसके लिए जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया से बेहतर और कोई मंच नहीं हो सकता। राष्ट्रीय पदाधिकारी हरिशंकर परासर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है और इस आईने को साफ सुथरा ही रहने देना चाहिए। बिहार राज्य के प्रभारी कुणाल भगत ने कहा कि अब तो पत्रकार का शोषण आम बात हो गई है परंतु जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके लिए जिस भी प्रकार के संघर्ष की आवश्यकता होगी किया जाएगा।इसी प्रकार से कई राज्यों के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सर्वप्रथम वरीयता में रखते जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया अपनी आवाज उठाती रही है और सदैव उठाती रहेगी।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारीयों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनसे अपील की है कि जिले के पत्रकारों के साथ-साथ स्थानीय पत्रकारों को भी तवज्जो दी जाए और उनको भी मान्यता देने की प्रक्रिया शुरू की जाए। क्योंकि यदि स्थानीय पत्रकार अपने कर्तव्य को अच्छे से नहीं निभा पायेंगे तो जिले के पत्रकार या वरिष्ठ पत्रकारों का समाचार संकलन असंभव हो जाएगा।

# पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में श्री रामलीला समिति द्वारा शहर में निकली रावण दिग्विजय यात्रा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़।** श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव में मंगलवार को रावण दिग्विजय यात्रा संपन्न की गई। परम श्रद्धेय पवन देव चतुर्वेदी व्यास महाराज ने बताया कि जब धरती पर रावण का आतंक बढ़ता चला गया तो रावण ने पूरी पृथ्वी पर ऐसा संदेश पहुंचा दिया कि यदि आज के बाद कोई भी ऋषि मुनि यज्ञ हवन इत्यादि देवी देवताओं की पूजा करेगा तो वह रावण के हाथों मारा जाएगा। इसके उपरांत रावण ने कुबेर पर चढ़ाई कर दी उस युद्ध जीतने के बाद पुष्पक यान प्राप्त किया और सोने की लंका प्राप्त की तत्पश्चात रावण का विवाह मंदोदरी नामक कन्या से हुआ उसके बाद में रावण का आतंक नहीं रुका रावण दिन प्रतिदिन अपनी आसुरी शक्तियों से प्रबल होता गया पृथ्वी पर जितने भी संत मुनि महात्मा थे सब रावण के भय से कांपते थे। उसी के मध्य नजर श्री रामलीला महोत्सव में रावण दिग्विजय यात्रा निकाली जाती है। यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि हापुड़ कोतवाल देवेंद्र बिष्ट रहें। यात्रा श्री मनसा देवी मंदिर बुलंदशहर रोड से प्रारंभ होकर कोठी गेट, माता मोहल्ला होते हुए बाजार बजाजा से छोटी मंडी बड़ी मंडी भाटिया होते हुए सराफा बाजार चंडी रोड पक्का बाग से होते हुए दिल्ली रोड अतरपुरा चौपला से रेलवे रोड फ्री गंज रोड तहसील चौपला होते हुए रामलीला ग्राउंड पहुंचेगी।

जिसमें पांच बैंड, पांच बग्गी, झांकी, ताशे, नपीरी व चार घोड़े आदि निकल गए जिसमें श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष विनोद वर्मा महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम गोयल, वरिष्ठ प्रधान नवीन वर्मा उप प्रधान ,सुयश वशिष्ठ संरक्षक अनिल आजाद, रतनलाल नन्हे रविंद्र गुप्ता मीडिया प्रभारी वरुण गोयल व अन्य विवेक सिंहल उर्फ चुना नवीन गुप्ता, मनीष मित्तल विमल वर्मा, हरिप्रकाश जिंदल, गौरव बजरंगी, रवि गर्ग मिलन टेंट प्रदीप वर्मा अतुल वर्मा अनिल कुमार, टोपी माधव वर्मा व ऋतिक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## छात्रा की आत्महत्या का कारण बना युवक गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** सागीपुर थानान्तर्गत शादी से इनकार करने पर छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। अब तक प्राप्त सूचनानुसार छात्रा की आत्महत्या का मुख्य कारण बने शिवाश शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है। अव तक प्राप्त खबरो के अनुसार एक परिवार के बेटे और चार बेटियां गाव मे रहते हैं। तीसरे नंबर की 14 वर्षीय बेटी गांव के ही विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा थी। सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे घर के अंदर पंखे से लटकता उसका शव मिला। उसे फांसी पर लटके देख घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक छात्रा के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही युवक पर आरोप लगाया है कि बहन को शादी का झांसा देकर आरोपी ने शारीरिक संबंध बनाया। आरोपी ने जब शादी से इनकार किया तो बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# नवनियुक्त गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान का तीर्थ पुरोहित गंगा घाट सभा ने किया स्वागत



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ जनपद में तीर्थ पुरोहित गंगा घाट सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मंगलवार को गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पहुंचे और थाना बहादुरगढ़ से स्थानांतरण होकर आए नवनियुक्त गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान को राम-नाम रूपी पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया और तीर्थ पुरोहित गंगा घाट सभा के अध्यक्ष देवीप्रसाद गौड़ ने कहा कि घाट सभा पुलिस प्रशासन का हर प्रकार से सहयोग करती है और करती रहेगी।

गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार बालियान ने भी घाट सभा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी प्रकार से तीर्थस्थल गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा जाएगा तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है।इस अवसर पर घाट सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, मनोज नागर, पवन शर्मा व सचिन शर्मा ,महासचिव राहुल( रिंकु ) शुक्ला, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा ,सह कोषाध्यक्ष अधिवक्ता हरीश नागर ,सहसचिव केशव शर्मा उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लगाई झाड़ू, सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर लगा किए फल वितरित



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ जनपद मे प्रदेश शासन के दिशा निदेशों के अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर 2025 गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जन आरोग्य मंदिर मोती कॉलोनी मे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शिविर का उद्घाटन राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज बाल्मीकि व रालोद के जिला अध्यक्ष रविंद्र चौधरी, सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरैशी ने संयुक्त रूप से किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ नवीन सहाय बीपीएम अफजाल अहमद के द्वारा अतिथियों को पुष्प भेटकर कर स्वागत किया। आयोग के सदस्य मनोज बाल्मीकि व भाजपा नेता दानिश कुरेशी ने मरीजों व बच्चों को फलों का वितरण किया व हापुड़ नगर पालिका के सफाई स्वच्छता कर्मियों को पुष्प व फल भेटकर स्वागत किया और प्रधानमंत्री की लंबी आयु की कामना की। नगर पालिका परिषद हापुड़ व डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी हापुड़ के संयुक्त तत्वाधान में चलाए गए सफाई अभियान मे रालोद के जिला अध्यक्ष रविंद्र चौधरी व नगर पालिका परिषद हापुड के ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन मो दानिश कुरैशी, हेमंत मिश्रा, खालिद जिलानी, विजयपाल सिंह, सुदेश व सभासद पति अफरोज व आदि ने मलिन बस्तियों की झाड़ू लगाकर आमजन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। दूसरी और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जन आरोग्य मंदिर इंद्रगढी अलीनगर के स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के चिकित्सा शिविर का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा एडवोकेट व भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मो दानिश कुरेशी ने संयुक्त रूप से किया और प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरण करने के साथ-साथ लाइव संबोधन भी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ सुना अतिथियों का चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्येंद्र चौहान, डॉक्टर तुषार मावी, बीपीएम अफजाल अहमद ने पुष्प भेटकर किया। इस मौके पर जन आरोग्य मंदिर के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर नवीन सहाय, डॉ सत्येंद्र चौहान, डॉक्टर तुषार मावी, बीपीएम अफजाल, मोहम्मद अहमद, जूही कौशिक, गौरव कुमार, भीम सिंह, संध्या, विनीत, मनीष, संगीता, अनीता सिंह व रालोद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत मिश्रा, नगर अध्यक्ष खालिद जिलानी, मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

# मौलाना रजवी ने कहा, सुन्नी वक्फ बोर्ड करप्शन का अड्डा, तुरंत भंग किया जाए

**वेलकम इंडिया/धर्मेन्द पटेल**



**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह संस्था पूरी तरह करप्शन का अड्डा बन चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि इस बोर्ड को तत्काल भंग कर दिया जाए और इसके सदस्यों व अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। मौलाना ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला वक्फ संशोधन बिल 2025 को लेकर तस्वीर साफ करता है और यह देश, समाज और मुसलमानों के हित में है। मौलाना रजवी ने मंगलवार को अपने जारी बयान में कहा है कि भारत सरकार वक्फ संशोधन बिल 2025 लेकर आई थी, जिसे संसद के दोनों सदनों ने पारित कर दिया। कुछ संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में इस पर रोक लगाने की याचिका डाली थी, लेकिन अदालत ने मुकम्मल स्टे देने से इनकार करते हुए केवल दो-तीन बिंदुओं पर संशोधन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं। इसके साथ ही मौलाना रजवी ने कहा कि सुन्नी वक्फ बोर्ड कार्यालय भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है। लखनऊ में मशहूर जुमला है कि जो शख्स वक्फ बोर्ड के दरवाजे से अंदर कदम रखता है तो दीवारों से आवाज आती है कि यहां की हर ईंट पैसा मांगती है। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी-सी मस्जिद, कब्रिस्तान या दरगाह की कमेटी गठित कराने के लिए वर्षों तक चक्कर काटने पड़ते हैं और बिना रिश्वत काम नहीं होता। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि करप्शन में जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए इस बोर्ड के सभी सदस्यों और अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। कई जनपदों में इनके खिलाफ दर्ज मुकदमों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। मौलाना ने कहा है कि बोर्ड के अध्यक्ष लंबे समय से एक ही पद पर काबिज हैं और वे समाजवादी पार्टी के करीबी माने जाते हैं। बसपा शासनकाल में पांच साल, सपा सरकार में पांच साल और अब भाजपा के दोनों कार्यकाल में भी वही अध्यक्ष बने हुए हैं। आखिर ऐसी कौन-सी खूबियां हैं कि अखिलेश यादव के चहेते को 18 साल से पद पर टिकाए रखा गया है ? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आजम खां के साथ मिलकर रामपुर की वक्फ जमीनों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां भी की गई थीं।

# बरेली में युवक की सरेआम पिटाई, आधा दर्जन महिलाओं ने लात-घूंसे और डंडों से किया हमला, वीडियो वायरल

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बैरियर नंबर-2 चौकी के पास एक युवक की सरेआम हुई पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि करीब आधा दर्जन महिलाएं युवक को सड़क पर बेरहमी से पीट रही हैं कभी थप्पड़ों से, कभी लात-घूंसों से, तो कभी डंडों से। इस वीडियो में जहां एक तरफ युवक बुरी तरह पिट रहा था, वहीं आसपास खड़ी भीड़ तमाशा देखने में लगी हुई थी। आसपास के लोगों में से न तो किसी ने बीच-बचाव किया, न ही पुलिस को तुरंत सूचना दी, उल्टा कई लोग वीडियो बनाते हुए नजर आए। इस तरह की असंवेदन शीलता को लेकर सोशल मीडिया पर भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आवागमन पूरी तरह से ठप्प हो गया और दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लंबी कतारें लग गई। स्थानीय लोग और राहगीर इस घटना को देखकर भौचक्के रह गए। फिलहाल युवक की पिटाई की वजह सामने नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक और महिलाओं के बीच पहले कुछ कहासुनी हुई थी, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई। इस घटना को लेकर इज्जतनगर थाना पुलिस ने कहा है कि घटना की वीडियो फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। घटनास्थल से जुड़े सभी पक्षों से पूछताछ की जाएगी। यदि कोई दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी और कप्तान ने किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला तैयारियों का निरीक्षण

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने माननीय मुख्यमंत्री जी के संभावित कार्यक्रम के दृष्टिगत फरह स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय धाम तथा आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। फरह में स्थित नगला चंद्रभान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय धाम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी का दिनांक 19 सितंबर 2025 को कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने हैलीपैड स्थल का निरीक्षण किया, उन्होंने निर्देश दिए कि समय मानक अनुसार हैलीपैड का कार्य पूर्ण करे। जिलाधिकारी ने मेला स्थल में होने वाले कार्यक्रम के मंच का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी एंट्री एवं एग्जिट गेट का स्थलीय जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रूट व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में आवागमन मार्गों का अवलोकन किया। उन्होंने यातायात एवं पार्किंग के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, एस0पी0 सिटी राजीव कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, बीडीओ नेहा रावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मरीज की मृत्यु के बाद मृतक के परिजन व स्टाफ के बीच हुई मारपीट, पीड़ित ने कार्रवाई व सुरक्षा हेतु थाने में दी तहरीर

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के देव नंदिनी अस्पताल का मामला सामने आया था। जहां 17 सितंबर को प्रात 7:59 बजे के आसपास मरीज नरेश चंद शर्मा पुत्र स्व० लायक राम शर्मा निवासी शक्ति नगर, हापुड़ को लेकर उसके परिजन एवं अन्य लोग देव नंदिनी अस्पताल, गढ़ रोड, हापुड़ पर इमरजेंसी में लेकर आये थे मरीज को दिल का दौरा पड़ने के कारण गंभीर स्थिति को देखते हुए मरीज को तत्काल आईसीयू में शिफ्ट कराया गया। उस समय भी मरीज के परिजन उसके साथ आईसीयू में मौजूद थे मरीज का इलाज डॉ० जिवोत्तम नारंग के द्वारा तत्काल शुरू किया गया तथा मरीज के रोग की गंभीरता के बारे में समस्त जानकारी परिजनों को तत्काल दे दी गयी थी साथ ही मरीज को सम्बंधित रोग से उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर करने के लिए अवगत करा दिया गया था। उसी समय परिजनों के समक्ष ही मरीज को पुनः दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी।मृत्यु होने पर मरीज के परिजन आईसीयू से बाहर निकल कर भीड़ के रूप में एकत्रित हो गए एवं अन्य लोगो को भी बुला लिया। जब अस्पताल-कर्मी शुभम शर्मा व अन्य उक्त भीड़ को व परिजनों को समझा रहे थे तो सोशल साईट पर समाचार सन्दर्भ में विडियो क्लिप में भी मृतक के किसी परिजन युवक द्वारा शुभम का गला दबाते हुए उसको जान से मारने की नियत से तमाम लोगो ने मार-पीट शुरू कर दी और उसी समय मेरे गले में पडी सोने की चैन, वजन करीब डेढ तोला, हमालावरो में से किसी ने तोड़ कर खीचते हुए ले ली। बमुश्किल तमाम लोगो के समझाने पर उसको छोड़ा व दोषारोपण करते हुए हंगामा करते रहे। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना चौकी व थाना देहात पर चिकित्सालय से उक्त सन्दर्भ में तत्काल सूचना दी गई।

## मन से मन का मेल कराती, हृदय की झंकार है हिंदी....




**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** हिंदी दिवस पखवाड़े के तहत गरुड़ में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की शुरूआत वरिष्ठ कवि गोपाल दत्त भट्ट ने अपनी पसीना कविता से करते हुए मेहनत करने का संदेश दिया। उत्तराखंड पत्रकार एवं साहित्यकार समिति के तत्वाधान में आयोजित काव्य गोष्ठी में अपनी कविता पढ़ते हुए कवि मनोज खोलिया ने कहा - हिंदी पीछे जा रही करो इसे स्वीकार, सबसे आगे ये रहे, इस पर करो विचार। कवयित्री आशा जोशी ने कहा - जन-जन की भाषा है हिंदी, भारत की पहचान। कवि डा. गिरीश अधिकारी ने अपनी कविता प्रस्तुत करते हुए कहा - मन से मन का मेल कराती, हृदय का झंकार है हिंदी। कवि ओमप्रकाश फुलारा ने अपनी कविता पेश करते हुए कहा - परभाषा को छोड़, आज हिंदी अपनाएं। कवयित्री आशा बुटोला ने कुछ यों कहा - हिंदी है संस्कृति हमारी, हिंदी है पहचान हमारी। प्रवक्ता व कवयित्री प्रेमा भट्ट ने अपनी कविता में कहा - पहला नमन हे शारदा वाणी सुमंगल दे। प्राध्यापक व कवि डा. हेम चंद्र दुबे ने कहा - आन है हिंदी मान है हिंदी। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि मोहन जोशी ने अपनी कविता कुछ यों सुनाई - ये मेरे देश की भाषा दिलों को प्यार देती है। संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान साहित्यकार रतन सिंह किरमोलिया, सुरेंद्र वर्मा, हरीश जोशी, जावेद सिद्दकी आदि मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकताओं ने मनाया पीएम मोदी का 75वां जन्मदिन

**जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कस्बा शाहजहांपुर में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कार्यकताओं ने अंबेडकर भवन की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख देवेंद्र गुर्जर और सांसद प्रतिनिधि रोबिन गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सेवा और स्वच्छता को प्राथमिकता दी है। ऐसे कार्यक्रम समाज को प्रेरणा देने का काम करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने की। इस अवसर पर मंडल महामंत्री विक्रांत त्यागी, अमित सैनी, अनिल अग्रवाल, सोहित गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश त्यागी, केपी अधाना, नवनीत कंसल, गंगा प्रकाश, नंदू वाल्मीकि, जावेद खान, बिलाल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाना सेवा और स्वच्छता का संदेश देने का सबसे बेहतर तरीका है।

# मोदी जी के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की हुई शुरूआत

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** प्रदेश मे 17 सिम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान महिलाओ एवं बच्चो हेतु आवश्यक एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन प्रदेश के उपकेन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर (ग्रामीण एवं शहरी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय स्तर पर किया जायेगा।

इसी क्रम में दिनांक 17 सितम्बर 2025 को मथुरा जनपद मे भी सभी स्वास्थ्य इकाईयो पर मा0 जन प्रतिनिधियो के द्वारा इस अभियान का शुभारम्भ किया गया। उक्त के क्रम मे जिला संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन पर महापौर विनोद अग्रवाल, जिला चिकित्सालय मे विधायक श्रीकांत शर्मा, सामु0स्वा0केन्द बलदेव पर विधायक पूरन प्रकाश, सामु0स्वा0केन्द्र गोवर्धन पर विधायक मेध श्याम, सामु0स्वा0केन्द सोनई मा0 ब्लॉक प्रमुख श्रीमती चंचल चौधरी, प्राथ0स्वा0केन्द्र राया पर चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, सामु0स्वा0केन्द्र मांट पर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुमन चौधरी, सामु0स्वा0केन्द छाता पर विधायक प्रतिनिधी नरदेव चौधरी के द्वारा अभियान का शुभारम्भ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राधा वल्लभ ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्रो व आयुष्मान आरोग्य मंदिरो पर जॉच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे है। इन कैम्पो मे सामु0स्वा0 अधिकारी, ए0एन0एम0 और आशा द्वारा प्रतिदिन निर्धारित सघन जॉच सेवाएं प्रदान की जायेगी। प्राथ0स्वा0केन्द्रो पर चिकित्साधिकारी और नर्स द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार सामु0स्वा0केन्द्र एवं जिला स्तरीय चिकित्सालयो मे रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेगे। इन शिविरो मे सघन स्वास्थ्य सेवाएं, जॉचो के साथ ही विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध करायी जायेगी। अभियान के सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ब्लॉक स्तरीय इकाईयो पर नोडल नामित किये गए हैं।

# कला उत्सव समृद्धि 2025 में जवाहरलाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज की बड़ी उपलब्धि

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** जवाहरलाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज मुरादनगर ने कला उत्सव झ समृद्धि 2025 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर पूरे जनपद में विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपदीय स्तर पर आयोजित कला समेकित शिक्षाशास्त्र प्रतियोगिता 2025 में विद्यालय ने प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि रचनात्मकता और शिक्षा का समन्वय ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की कुंजी है।यह प्रतियोगिता गाजियाबाद के जी.आई.सी. नंदग्राम में आयोजित हुई, जिसका केंद्रीय विषय था झ ह्लकला के माध्यम से समावेशी शिक्षाह्व। इस विषय के माध्यम से शिक्षकों को यह अवसर प्रदान किया गया कि वे कक्षा-कक्ष की पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकलकर कला और शिक्षाशास्त्र को जोड़ते हुए समावेशी विद्यालय संस्कृति का निर्माण करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू तोमर द्वारा इतिहास में कला समेकन पर प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान सहयोगी शिक्षक श्रीमती सविता पटेल (प्रवक्ता) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।नीतू राणा (विज्ञान शिक्षिका) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।शिक्षिकाओं ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से यह दशार्या कि कला किस प्रकार न केवल शिक्षा को रोचक बनाती है, बल्कि विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को भी उजागर करती है। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान की शैक्षिक उत्कृष्टता को दशार्ती है, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्णित उस दृष्टिकोण को भी साकार करती है, जो शिक्षा को अधिक सहज, समावेशी और जीवनोपयोगी बनाने पर बल देती है जिला समन्वयक अधिकारी श्री पवन कुमार भाटी जी ने उत्साह बढ़ातेकहा कि इस जीत ने यह सिद्ध कर दिया कि जवाहरलाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज ,ऑर्डनेंस फैक्ट्री, मुरादनगर न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है, बल्कि कला और रचनात्मकता के माध्यम से नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को भी सफलतापूर्वक आत्मसात कर रहा है।

# मोदी शुगर मिल में विश्वकर्मा पूजन में प्रबंधकों व श्रमिकों की सहभागिता रही



**वेलकम इंडिया**

मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)। सभी छोटे-बड़े कल कारखानों में बुधवार को विश्वकर्मा पूजन धूमधाम से हुआ। मशीनों, उपकरणों व औजारों की साफ-सफाई के बाद पूजार्चना की गई तथा प्रसाद वितरित हुआ। कई जगह भंडारे भी लगाए गए।मोदी शुगर मिल में आयोजित विश्वकर्मा पूजन में प्रबंधकों व श्रमिकों की सहभागिता रही। मोदी शुगर मिल के चीफ एक्जीक्यूटिव एन.पी. बंसल ने कहा कि मोदी इंडस्ट्रीज लि0 के चेयरमैन सेठ उमेश कुमार मोदी- औद्योगिक नगरी मोदीनगर को उसका प्राचीन वैभवशाली स्वरूप लौटाने के लिए कृत संकल्प हैं। वह प्रति वर्ष नगर में छोटी-बड़ी इकाइयां स्थापित कर आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक विकास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में शासन-प्रशासन, शहरवासियों, प्रबंधकों व श्रमिकों का भरपूर सहयोग अपेक्षनीय है।

इस अवसर पर आर.पी. सिंह, प्रवीण शर्मा, एमसी त्यागी, चरण सिंह, नवल गुप्ता आदि अन्य कई अधिकारी व श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पोषण माह के शुभारंभ पर दिनवार कार्यक्रम के विषय में की गई चर्चा



**वेलकम इंडिया**

मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)। पोषण माह का शुभारंभ ब्लॉक पीएचसी से ब्लाक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह की अध्यक्षता में दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। साथ ही पोषण माह में होने वाले दिनवार कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई, व सभी आशा, आंगनबाड़ी कार्यकताओं को साथ ही उपस्थित जनमानस को अवगत कराया गया कि उक्त माह में क्या क्या कार्यक्रम होगा और लाभार्थी वर्ग को कैसे लाभान्वित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर कार्यकताओं ने किया रक्तदान,सेवा पखवाड़ा का कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़ जनपद के भाजपा जिला कार्यालय पर देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे और प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर फीता काटकर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया व। जहां सर्वप्रथम मंत्री नरेंद्र कश्यप रक्तदान करने वाले कार्यकताओं से मिले उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा एक ऐसा माध्यम है जिससे आमजन की सेवा हम कर सकते हैं इसीलिए इसका नाम सेव प्रमाण पूरे विश्व में कहीं भी इस प्रकार की कोई भी उदाहरण देखने के लिए नहीं मिलती है जहां किसी देश के प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति का जन्म दिवस को याद करते हुए जनता की सेवा की जाती हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आज मैं उन सभी कार्यकताओं का हार्दिक अभिनंदन करता हूं वंदन करता हूं जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की विचार धारा को यहां तक पहुंचा है यह रक्तदान केवल एक शिविर नहीं है बल्कि यह रक्त हमारे देश के सैनिकों और ऐसे लोग जिन्हें रक्त की उपलब्धता नहीं हो पाती है उन सबके लिए यह काम में आएगा सभी कार्यकर्ता सभी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि इसमें अधिक से अधिक भाग लें और आगे आने वाले जो भी कार्यक्रम है जिसमें स्वच्छता अभियान है।प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन है प्रदर्शनी है वह सभी अच्छे से इस सेवा पखवाड़े को मनाई और साथ ही साथ जनता के बीच में जाकर के उनको यह बताएं कि किस प्रकार भारतीय जनता पार्टी केंद्र में और प्रदेश में जन उत्थान के लिए कार्य कर रही है भारतीय जनता पार्टी कभी भी सत्ता का दुरुपयोग नहीं करती है और सत्ता में वह जनता की सेवा के लिए ही प्रतिबद्ध है रक्तदान शिविर में बुधवार को 203 यूनिट रक्तदान हुआ।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला महामंत्री राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, मोहन सिंह, प्रफुल्ल सारस्वत ,जिला उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी, अनिरुद्ध सिंह कसला, दीपक भाटी, शैलेंद्र राणावत, ललित मोदी, जय भगवान शर्मा, मालती भारती, नीलम सिंह, मुनेश त्यागी अशोक शर्मा ,राहुल उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

# ग्राम पंचायत की नींव गांव के विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए रखी गई थी

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि गांव का माहौल भाईचारे, आपसी सहयोग, और मिलजुल कर आगे बढ़ने का प्रतीक रहा है।गांव के मसले गांव में ही सुलझाना यही लोकतंत्र की असली ताकत रही है। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं । राजनीतिक दल पंचायत को भी अपनी सियासी चाल और पैनल की साजिशों में फंसा रहे हैं। सीधे-साधे ग्रामीणों को पार्टी की राजनीति में उलझा कर पंचायतों की आत्मा को कमजोर किया जा रहा है। यह गांव की आत्मा पर सीधा हमला है। यह ग्राम सभा की ताकत को कुचलने की साजिश है। ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन का स्पष्ट ऐलान है । कि पंचायत का काम राजनैतिक दलों की सेवा करना नहीं। बल्कि पंचायत के क्षेत्र में सभी नागरिकों का विकास करना है ।राजनैतिक दल पंचायतों को अपनी कठपुतली बना देना चाहते है। इनकी इन्हीं चालो और साजिशों को देखते हुए। ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन ने पंचायत चुनाव में उतारने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब पंचायतों की असली ताकत ग्रामीण जनता अपने संगठन के तले इकट्ठा होकर चुनाव लड़ेगी। जिला पंचायत हो या ग्राम पंचायत चुनाव । अब लड़ाई दलों के झंडों से नहीं.. बल्कि ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के झंडे तले लड़ी जाएगी। पंचायत जनता के लिए है ।दलों के लिए नहीं, पंचायत गांव के विकास का जरिया है ।सत्ता की सीढ़ी नहीं पंचायत जनता की सेवा करेगी ।नेताओं की नहीं, हमारा उद्देश्य गांव की सरकार गांव के लिए। गांव की पंचायत जनता के लिए।

# स्वस्थ परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ हुआ

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अवसर पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविन्दपुरी में सशक्त नारी-स्वस्थ परिवार अभियान के तहत एक विशाल स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ हुआ। कैम्प का उद्घाटन बागपत लोकसभा के लोकप्रिय सांसद डॉ.राजकुमार सांगवान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह, नगर पालिका के चेयरमैन विनोद वैशाली, विधायक प्रतिनिधि डॉ. करणवीर सिंह,नगर अध्यक्ष मनोज त्यागी ( आरएलडी ),मण्डल अध्यक्ष आकाश शर्मा, महिला जिला प्रकोष्ठ की सुमन चौधरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सतिंदर तोमर, रामभरोसे लाल मौर्य और मंडल महामंत्री भाजपा अमितेज जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. विक्रांत, डॉ. जोगिंदर सिंह, डॉ. करन कसाना, डॉ. विकास तथा संपूर्ण स्टाफ ने कार्यक्रम में भाग लिया। कैम्प की अवधि व सेवाएँ कैम्प 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित होगा। कैम्प में दंत रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग, कानझनाकझगला, हड्डी रोग, बाल रोग एवं सामान्य ओपीडी जैसी सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी।

# जन्मों के पुण्य जगते हैं तभी कथा सत्संग में पहुंचते हैं- अरविन्द ओझा

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** हनुमत कथा व्यास अरविन्द ओझा ने कहा कि जब हम पर परमात्मा की अतिकृपा होती है और जन्म जन्मांतर के पुण्य जाग्रत होते हैं तभी हम कथा सत्संग में पहुंच कर कलश पूजन, पताका पूजन, ग्रंथ पूजन और व्यास पूजन , व देव पूजन कर पाते हैं। कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा हनुमान मंदिर सुदामापुरी में हनुमत कथा के प्रथम दिन कथा करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कथा से पूर्व बड़ी संख्या में माता बहनें उपस्थित हुई और संकीर्तन करते हुए कलश-पताका यात्रा निकली गयी। जो कथा स्थल से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई । कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने कहा कि आज कथा एकादशी के शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हुई है साथ ही जब संसार को सुन्दर गढ़ने वाले शिल्पकार विश्वकर्मा जयंती है और साथ ही देश के नव सृजनकर्ता यशस्वी प्रधानमंत्री का भी जन्म दिवस है। भगवान हनुमानजी हम पर कृपा करने के लिए राम कथा में यजमान विनोद वैशाली नगरपालिका अध्यक्ष ने सुन्दर व्यवस्था की कथा में पूजन रजनीश चौधरी सभासद द्वारा किया गया संचालन प्रदीप शर्मा सभासद ने किया कथा में सतीश रुहेला, विनय पंडित , उषा रुहेला, सुमन शर्मा व कमलेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# डाइट फरीदपुर में शिक्षा में शोध एवं नवाचार का महत्व विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) फरीदपुर में शिक्षा में शोध एवं नवाचार का महत्व विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में 150 से अधिक शोध सारांश प्राप्त हुए, जिसमें से 50 का प्रस्तुतीकरण भी हुआ। गौरतलब है कि शासन के निदेर्शों के क्रम में तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में शोध एवं नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में डाइट फरीदपुर में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य तथा पूर्व परिवहन एवं संसदीय राज्यमंत्री अशोक कटारिया रहे। उद्घाटन सत्र में कटारिया ने सभी को नित्य नवाचार करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक व्यापक शब्द है। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनके जीवन का उदाहरण देते हुए सभी को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश भी दिया। और कहा कि भारतीय संस्कृति में किए हुए उपकार के लिए आभारी रहने की प्रथा होने के कारण ही अब तक भारतीय संस्कृति तथा मूल्य बचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमेशा से ही नवाचार करने की एक परंपरा रही है। बरेली कॉलेज के हिंदी विभाग में प्रोफेसर तथा सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य विशिष्ट अतिथि डॉ सुषमा गोडियाल ने कहा कि किसी भी शोध तथा नवाचार के लिए अपने मन के विचारों को खोजना चाहिए। उन्होंने नवाचार को नई शिक्षा नीति की रीढ़ बताया। बरेली कॉलेज के शिक्षा विभाग में प्रोफेसर डॉ विवेक त्रिपाठी ने विभिन्न शिक्षण विधियां का उल्लेख करते हुए नवाचार की जानकारी दी। बरेली कॉलेज के ही लाइब्रेरी साइंस के प्रोफेसर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ योगेश शर्मा ने कहा कि बचपन से बड़े होने तक निरंतर सीखने की प्रक्रिया चलती रहती है। उन्होंने नवाचार के साथ व्यवहारिक ज्ञान पर भी जोर दिया। बरेली कॉलेज में शिक्षा विभाग में प्रोफेसर तथा विशिष्ट वक्ता डॉ विमल कुमार ने कहां कि शिक्षक के लिए कुछ भी व्यक्तिगत नहीं होता। उन्होंने नवाचारी निर्माण के लिए जाने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन नवाचार पर कार्यशाला का होना विशेष संयोग बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली में हमेशा से नवाचार होते रहे हैं। इस अवसर पर डायट प्राचार्य दीप्ति वार्ष्णेय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आत्म अवलोकन करके निरंतर प्रगति की राह पर बढ़ना चाहिए तथा निरंतर नवाचार करने के लिए खुद भी तथा अन्य को भी प्रेरित करना चाहिए। डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता तथा कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक सोच को बनाए रखने का उल्लेख संविधान में भी है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर प्रयागराज में बीजेपी युवा मोर्चा ने किया सेवा पखवाड़ा, 75 यूनिट रक्तदान कर मानवता का दिया संदेश

**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बीजेपी युवा मोर्चा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बीजेपी चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा 'सेवा पखवाड़ा 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 75 यूनिट रक्त दान कर समाज सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार तथा प्रभारी मंत्री प्रयागराज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० सुशील कुमार सिन्हा, सह संयोजक काशी क्षेत्र चिकित्सा प्रकोष्ठ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष माननीय संजय गुप्ता, डा० पियुष दीक्षित, संयोजक प्रयागराज महानगर चिकित्सा प्रकोष्ठ, पूर्व सांसद माननीय केसरी देवी पटेल, शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, डा० मलय शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री पप्पु पाण्डेय और महामंत्री श्री श्याम प्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने युवा साथियों को नई ऊर्जा और संयम के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पार्टी जब भी कार्यकताओं की आवश्यकता महसूस करती है, सबसे अधिक श्रम और समर्पण युवा मोर्चा के कार्यकर्ता देते हैं। उन्होंने स्वयं अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे भी भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री रह चुके हैं। शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने युवाओं को शुभकामनाएँ दीं, जबकि पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल ने आशीर्वचन प्रदान किया। सभा का संचालन श्री श्याम प्रकाश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सेवा कार्य को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में डा० बी०बी अग्रवाल, डा० आशीष टंडन, डा० व्यंजना पाण्डेय, डा० निकुंज अग्रवाल, डा० चेतन कपूर, डा० आलोक मिश्र, डा० भगवत पाण्डेय, पंकज जायसवाल, नीरज जायसवाल, अनुराग भट्ट, आशीष गुप्ता, अमित गुप्ता, डा० शैलेश पाण्डेय, विजय श्रीवास्तव, सिद्धार्थ पाण्डेय, अंकित गोस्वामी, अम्बुज त्रिपाठी, कुंजन त्रिपाठी, अभय पासवान, आदर्श सोनकर, संदीप मिश्र, प्रशांत शुक्ला, विश्वजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## देखा गया माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

# सांसद अतुल गर्ग की अध्यक्षता में विश्वकर्मा दिवस कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** विश्वकर्मा दिवस 2025 के उपलक्ष में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद गाजियाबाद में माननीय सांसद, लोकसभा, गाजियाबाद श्री अतुल गर्ग व विशिष्ट अतिथि माननीय विधायक, सदर गाजियाबाद श्री संजीव शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद श्री अभिनव गोपाल द्वारा माननीय सांसद एवं माननीय विधायक जी को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक, ऋणपरक योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा माननीय सांसद एवं माननीय विधायक सदर की गरिमामई उपस्थिति में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग, श्रीनाथ पासवान द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत कैसे युवाओं को प्रशिक्षित करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु ऋण प्रदान किया जा रहा है, पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय सांसद गाजियाबाद तथा माननीय विधायक सदर के कर कमलों से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 55 लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के 05 लाभार्थियों श्री अमित कुमार, सीमा देवी, वान्या दिवाकर, मोहित कुमार, रानी दास को ऋण योजना के चेक वितरित किए गए। माननीय सांसद गाजियाबाद श्री अतुल गर्ग तथा माननीय विधायक सदर गाजियाबाद द्वारा सभी लाभार्थियों को विश्वकर्मा दिवस 2025 की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उन्हें स्वरोजगार की ओर अग्रसर होने तथा उन्हें प्रदान किए गए टूल किट का सदुपयोग कर आत्म निर्भर बनने हेतु अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में से 11 श्रमिकों को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत श्री दिलशाद, श्री अतीक एवं पुनीत कुमार, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत श्री गुलाब सिंह, श्री अशोक ,कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत श्री मुकेश ,कमल सिंह,ओमदत्त व तरीकत को स्वीकृति पत्र एवं निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत श्री मती राम भतरी एवं श्री मति कमलेश को सावधि जमा मुख्य अतिथि श्री अतुल गर्ग जी सांसद गाजियाबाद एवं विशिष्ट अतिथि श्री संजीव कुमार शर्मा द्मानीय विधायक सदर गाजियाबाद द्वारा चैक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उप श्रम आयुक्त श्री अनुराग मिश्र,वीरेंद्र कुमार सहायक श्रम आयुक्त,श्री मती विनीता सिंह सहायक श्रम आयुक्त एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी गाजियाबाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के सहायक आयुक्त उद्योग, श्री राजेंद्र कुमार, श्री ज्ञानेंद्र कुमार गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीमती प्रीती त्यागी अपर सांख्यिकीय अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र गाजियाबाद द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु माननीय जनप्रतिनिधियों, लाभार्थियों एवं विभागीय अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ जनसुनवाई करते हुए



वेलकम इंडिया

**बैठक में राजस्व, जीडीए, नगर निगम, जल निगम, लोनिवि, शिक्षा, सूचना सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा—निर्देश दिये। इस दौरान एड0सीपी श्री आलोक प्रियदर्शी, नगरायुक्त श्री विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।**

**गाजियाबाद।** विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के शताब्दी संकल्प@2047 (समृद्धि का शताब्दी पर्व) के मद्देनजर जिसका मिशन समग्र विकास—हर नागरिक को घर, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य, आर्थिक नेतृत्व—उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़त व सांस्कृतिक पुनर्जागरण—परम्परा और आधुनिकता का संतुलित संगम के साथ—साथ तीन प्रमुख थीम—अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति पर आधारित है, जिन्हें 12 सेक्टरों में बांटा गया हैं जिसमें कृषि एवं समृद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी सेक्टर, पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर, स्वास्थ्य सेक्टर, शिक्षा सेक्टर व सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर हैं, के कार्यक्रम को रफ्तार/गति देने हेतु एवं प्रगति के सम्बंध में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का जनपद में कार्यक्रम प्रस्तावित हैं जिसके मद्देनजर जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार में क्रियान्वयन बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल व आवागमन मार्ग पर साफ—सफाई, स्वच्छता, सौन्दर्यकरण, यातायात व्यवस्था दूरस्थ किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, विद्युत, प्रकाश, पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। कार्यक्रम स्थल पर 12 स्टाल लगाए जायेंगे जो कि अलग-अलग सेक्टर पर आधारित होगा। हर एक सेक्टर के अलग-अलग क्रिएटिव बनाए जाना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक स्तर पर मिनट टू मिनट कार्यक्रम रखें।

# केंद्र और राज्य सरकारों की सहमति बने तो 12 वी तक हो सकती है नि:शुल्क शिक्षा : सीमा त्यागी

वेलकम इंडिया अनिल कुमार



गाजियाबाद। अगर वास्तव में 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री जी के सपने को साकार कर भारत में 100 % साक्षरता के लक्ष्य को हासिल करना है तो सरकार को भारत की शिक्षा व्यवस्था को सस्ती ,सुलभ और मजबूत कर आरटीई अधिनियम को देश में प्रभावी रूप से लागू करना होगा अगर हम आंकलन करे तो आज की परिस्थितियों में देश में आरटीई अधिनियम 2009 के तहत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चो को निजी स्कूलों में 25 % कोटे के तहत नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार केवल कक्षा आठ तक ही सीमित है इसलिए कक्षा आठ के बाद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को अक्सर पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है क्योंकि उनके अभिभावक निजी स्कूलों में अपने बच्चो की आगे की पढ़ाई का खर्च वहन नहीं कर पाते जो केंद्र और राज्य सरकारों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए हम सभी जानते है कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21अ, 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करता है, जिसे प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 लाया गया था। जिसके तहत देश के लाखो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को स्कूल जाने का अवसर मिला इन लाखों बच्चों को कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए अब समय आ गया है कि आरटीई के नियमों में संशोधन करते हुए कक्षा आठ से शिक्षा के दायरे को बढ़ाकर कक्षा बारह तक निःशुल्क किया जाए, जिससे देश के लाखो बच्चो को उच्च माध्यमिक शिक्षा का लाभ भी मिल सके।वर्तमान में राजस्थान सरकार ने आरटीई के तहत बच्चो की शिक्षा कक्षा आठ से बढ़ाकर कक्षा बारह तक करने का निर्णय लिया है जो एक सार्थक पहल है इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए अगर केंद्र सरकार के साथ सभी राज्य सरकारें समन्वय स्थापित करे तो देश के सभी राज्यों में आरटीई के तहत बच्चो की शिक्षा कक्षा आठ से बढ़ाकर कक्षा बारह तक की जा सकती है।

## स्वच्छता अभियान और प्रसाद वितरण के साथ प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया गया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा मंडल में बुधवार को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष सरदार एस.पी. सिंह ने हवन-पूजन, स्वच्छता अभियान और प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री के दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की। मंडल स्तर पर हुए इस आयोजन में कार्यकताओं ने मोदी जी के जन्मदिन को सेवा और समर्पण के साथ मनाने का संकल्प लिया। हवन-पूजन के बाद मंडल क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपा कार्यकताओं ने सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रदेश में लगभग सभी सरकारी अस्पतालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया है, जो कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसी कड़ी में क्रासिंग रिपब्लिक इलाके के सरकारी अस्पताल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सी.म.स डॉ अतुल कुमार ने बताया कि महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को मजबूती देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है, जिसके तहत महिलाओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज की सुविधा की जायेगी ।मेडिकल कैंप में सभी प्रकार की जांच निशुल्क व दवाइयाँ भी निशुल्क मुहैया कराई जाएगी। हेल्थ कैंप में रक्तदान कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । गाजियाबाद से माननीय विधायक संजीव शर्मा जी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहेंगे और सबका साथ सबका विकास के साथ के सभी का ईलाज समय से और सभी को स्वस्थ होने की कामना की।

# पीएम मोदी माँ भारती के मुकुट का एक अतुलनीय हीरा हैं : वरुण शर्मा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद:** कौशांबी के प्रबुद्ध समाज ने समाजसेवी वरुण शर्मा के द्वारा आयोजित गोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उपस्थित कौशांबी वासियों ने अपनी अपनी नजर में प्रधानमंत्री जी की खूबियां गिनाई। इस चर्चा के आयोजक वरुण शर्मा ने बताया की किस तरह मोदी जी ने लोहपुरुष के व्यक्तित्व से प्रेरणा भी ली हैं और जी कर भी दिखाया हैं। इस अवसर डॉ आचार्या कृति शर्मा, सुधीश अग्रवाल,राकेश कुमार, अशोक परवाल, सुनीता परवाल, सरोज वर्मा, सुनीता सोनी, पापिया घटक,देव कुमार घटक,किरण प्रसाद,अनिता गोगिया, प्रेम गोगिया,रमणीक और प्रतिभा त्यागी जी सहित अन्य बंधु उपस्थित रहे और सबने मोदी जी के शतायु होने की स्वस्थ होने की मंगल कामना की।

# गिरावट को अवसर मानें, नियमित निवेश और लंबी अवधि में मिलेगा बेहतर रिटर्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मार्केट की ऊंच-नीच को देखते हुए अक्सर निवेशक घबराहट में गलत फैसले ले बैठते हैं। लेकिन वरिष्ठ वित्तीय विशेषज्ञ रविंद्र तिवारी का मानना है कि इक्विटी निवेश में धैर्य और अनुशासन ही असली कुंजी है। 17 सितंबर को शेयर बाजार में आई तेजी ने यह साबित कर दिया कि गिरावट अस्थायी होती है और लंबे समय में मार्केट हमेशा ऊपर की ओर बढ़ता है। रविंद्र तिवारी ने कहा कि हाल ही में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों को घबराने की बजाय धैर्य बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कियदि आप 5 से 7 वर्षों तक नियमित निवेश करते हैं, तो बाजार की गिरावट और उछाल दोनों ही आपके पोर्टफोलियो को मजबूत बनाते हैं। लंबी अवधि में इक्विटी निवेश हमेशा लाभकारी साबित होता है।

# शिक्षक संघ ने सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** देशभर के प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बुधवार को शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मोदीनगर में सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान से मिला। इस दौरान संघ ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट मांग रखी कि शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से देशभर के लाखों शिक्षक चिंतित हैं। फैसले के अनुसार सेवा में बने रहने और पदोन्नति पाने के लिए सभी शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। जो शिक्षक 2 वर्षों में परीक्षा पास नहीं करेंगे, उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति का सामना करना पड़ेगा। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि टीईटी परीक्षा मूल रूप से नई नियुक्तियों के लिए थी, न कि पहले से सेवा दे रहे शिक्षकों की पात्रता जांचने के लिए। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों की नियुक्ति सेवा नियमावली के अनुरूप हुई थी। उस समय टीईटी जैसी कोई शर्त नहीं थी। अब सेवा के इतने वर्षों बाद योग्यता बदलना शिक्षकों के साथ अन्याय है। संघ का कहना है कि नियुक्ति के समय की न्यूनतम अर्हता सेवा काल में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए।

# माननीय बी०एल०संतोष, महामंत्री (संगठन) भारतीय जनता पार्टी ने किया स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** माननीय श्री बी०एल०संतोष, महामंत्री (संगठन) भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला एम०एम०जी० चिकित्सालय गाजियाबाद में सेवा पर्व के तहत स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। माननीय मुख्य अतिथि श्री बी०एल०संतोष महोदय का स्वागत माननीय शहर विधायक श्री संजीव शर्मा द्वारा बुके देकर किया गया। स्वागातोपरान्त श्री बी०एल०संतोष द्वारा ओपीडी परिसर के सामने स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन किया। तदोपरान्त श्री बी०एल०संतोष महोदय द्वारा सर्जिकल वार्ड में मरीजों को फल वितरण किये गये। इसके पश्चात गुडलक इण्डिया लिमिटेड सी०एस०आर० फण्ड द्वारा जीर्णोद्वार किये गये 06 प्राइवेट रूमों का उद्घाटन फीता काटकर जनता को समर्पित किया गया। इसके पश्चात ब्लड बैंक में लगने वाले रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया, जिसमें 89 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इसके पश्चात टी०बी० वार्ड से महिला चिकित्सालय तक शहर विधायक माननीय श्री संजीव शर्मा जी द्वारा विधायक निधि से निर्मित सड़क का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। माननीय श्री बी०एल०संतोष, महामंत्री (संगठन) भारतीय जनता पार्टी ने अपने सम्बोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पर्व में हम यह प्रण लें कि हम देश को टी0बी0मुक्त बनाने हेतु हर सम्भव प्रयास करेंगे। हमें लोगों की प्राण रक्षा हेतु रक्तदान भी करना चाहिए। हम सभी को अपने अन्दर जनसेवा, समाजसेवा और देशसेवा का भाव अंगीकृत करना है।

इस अवसर पर मा० श्री सुनील कुमार शर्मा, कैबिनेट मंत्री उ०प्र० सरकार, मा० श्री अतुल गर्ग जी सांसद गाजियाबाद, श्रीमती सुनीता दयाल जी, मा० महापौर नगर निगम गाजियाबाद, शहर विधायक मा० श्री संजीव शर्मा जी, मा० श्री नन्द किशोर गुर्जर जी विधायक लोनी, श्री मयंक महानगर अध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद, मा० श्री चेनपाल सिंह जी जिलाध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद, सांसद प्रतिनिधि मा० श्री राजेन्द्र मित्तल मेदी वाले, श्री अभिनव गोपाल जी, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद, डा० अखिलेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद, डा० राकेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला एम०एम०जी० चिकित्सालय गाजियाबाद, डा० चरन सिंह वरिष्ठ परामर्शदाता, डा० अंशुल कुमार, ब्लड बैंक इन्चार्ज, शशि कुमार सैनी, श्रीमति हिना विक्टर, मातृका, डा० आरती रानी, चिकित्सालय प्रबंधक एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहें।

**SRM Institute of Science & Technology**
**Delhi-NCR Campus, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201204**
**DEPARTMENT OF CHEMISTRY**

APPOINTMENT UNDER RESEARCH PROJECT

Applications are invited for the temporary position as Research Assistant (RA) for three years in a project entitled ***"Development of Ionic Liquid based electrochemical biosensor for breast cancer detection"*** sponsored by the Council of Science & Technology, Government of UP. **Eligibility*:** (i) UP Domicile (ii) M.Sc. (Chemistry) or Equivalent from any recognized university (iii) First class in UG & PG. **Salary:** As per CST UP Norms; **Last date**: 25th September 2025. **Age Limit:** Not more than 28 Years*. Interested candidate can send their CV by email at garimap@srmist.edu.in, Dr. Garima Pandey (Principal Investigator), Department of Chemistry, SRM-IST Delhi-NCR Campus, Ghaziabad, UP-201204. **as per norm of CST UP*